52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 7.0 °c | अधिकतम 18.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:14 सूर्यास्त-5:42 | वर्ष : 52/ अंक : 15 | बुधवार, 15 जनवरी 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, द्वितीया सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

समय का तमाचा गाल पर नहीं... बल्कि सीधा आपकी जिंदगी की खुशियों पर लगता है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में हमें केजरीवाल की मदद करनी चाहिए : शरद पवार

यानी.....कांग्रेस से बगावत.... गठबंधन गया.....

# गली-गली लगे खिचड़ी के भंडारे, कड़कड़ाती ठण्ड में कम दिखाई दिये पतंग उड़ाने के नजारे

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** लोहड़ी पर जिस तरह से तेज धूप निकली मकर संक्रान्ति पर मौसम ठीक उसके उलट दिखाई दिया। दिन निकलने से पहले ही शहर की हर गली को कोहरे ने अपने आगोश में ले लिया और दोपहर लगभग 2 बजे तक ऊंची-ऊंची बिल्डिंगों पर कोहरे की हल्की-हल्की चादर साफ दिखाई दी। 2 बजे के करीब सूर्यदेव ने बादलों के बीच से लुकाछिपी खेली और हल्की सी धूप निकल गयी। शाम होते-होते फिर वही कड़कड़ाती ठण्ड साफ तौर पर महसूस हुई। ऐसे में श्रद्धा से ओतप्रोत श्रद्धालुओं ने हर सड़क, हर गली के नुक्कड़ पर मकर संक्रांति पर्व मनाते हुए खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया। जिस सड़क पर भी देखो 6-6 स्टॉल अलग-अलग संगठनों के लगे दिखाई दिये और हजारों लोगों ने इस प्रसाद का लुत्फ उठाया। सर्दी के चलते खिचड़ी के साथ गर्मागर्म चाय की भी वितरण विभिन्न स्थानों पर हुआ। अपने-अपने जायके के अनुसार गर्मागर्म खाद्य पदार्थों का वितरण किया गया। ठिठुरनभरा मौसम होने के कारण पतंग उड़ाने वालों का जोश भी मौसम की तरह ठण्डा दिखा। अधिक ठण्ड के कारण पतंगों की बिक्री पर भी असर दिखाई दिया। पतंग विक्रेताओं से जब इस बाबत बात की गयी तो लगता है कि बसंत पंचमी पर पतंगे ज्यादा बिकेंगी और उड़ेंगी, क्योंकि आज पूरा दिन कोहरे और ठण्ड का प्रकोप रहा, इसके चलते पतंगों की बिक्री में कमी आई है। ऐसे में पतंग उड़ाने के शौकीन या तो पतंग उड़ाई ही नहीं और यदि उड़ाई भी तो ठण्ड से ठिठुरने के बाद थोड़ी ही देर में छतों से लोग अपने घरों में दुबक गए। ऐसे में आसमान में पतंग के नजारे न के बराबर ही दिखाई दिये। हालांकि देश के अन्य क्षेत्रों में जहां मौसम खुशनुमा है, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे इलाकों में पारा 25 से 28 के बीच रहने के चलते वहां खूब पतंगबाजी की गयी। स्वयं देश के गृहमंत्री अमित शाह ने पतंगबाजी की।

## सेना की 161 एकड़ जमीन से 500 झुग्गियां हटाने को चला बुलडोजर

**गाजियाबाद, 14 जनवरी (एजेंसी)।** गाजियाबाद के लाइन पार क्षेत्र में सेना की 161.5116 एकड़ जमीन पर पिछले 10-12 सालों से अवैध कब्जा था। इस जमीन का उपयोग सेना के जवानों की फायरिंग प्रैक्टिस के लिए किया जाना था, लेकिन आसपास घनी आबादी के चलते इसका उपयोग बंद हो गया। धीरे-धीरे कुछ लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर झुग्गियां बना लीं, जिनमें से कई को किराए पर दिया गया। इन झुग्गियों में अवैध गतिविधियां भी शुरू हो गईं। स्थानीय पुलिस ने समय-समय पर छापेमारी की और कई बदमाशों को यहां से पकड़ा, लेकिन राजनीतिक कारणों से झुग्गियां हटाई नहीं जा सकीं। हाल ही में स्थानीय विधायक संजीव शर्मा और सांसद अतुल गर्ग ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर इस मुद्दे को उठाया। रक्षा मंत्रालय के आदेश पर गाजियाबाद पुलिस और नगर निगम ने मिलकर सोमवार को कार्रवाई की। सभी झुग्गीवासियों को पहले ही नोटिस देकर सूचित कर दिया गया था। भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में बुलडोजर लगाकर पूरे दिन में झुग्गियां हटाई गईं, जिससे अरबों की जमीन को खाली कराया गया।

## आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत, 11 साल बाद जेल से आएंगे बाहर

**राजस्थान, 14 जनवरी (एजेंसी)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने स्वयंभू संत आसाराम को 31 मार्च 2025 तक अंतरिम जमानत प्रदान की है। यह निर्णय 2013 के बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की चिकित्सा उपचार की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने भी एक अन्य बलात्कार मामले में स्वास्थ्य के आधार पर आसाराम को उसी तिथि तक अंतरिम जमानत दी थी। राजस्थान हाईकोर्ट का यह कदम सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित माना जा रहा है, जो न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर याचिकाओं के प्रति समान नजरिए को दर्शाता है। आसाराम के वकील निशांत बोरा के नेतृत्व में हाईकोर्ट में यह दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट में दी गई याचिका और उसके आधार समान थे। वकील निशांत बोरा ने कहा कि हमने तर्क दिया कि आसाराम को सुप्रीम कोर्ट से स्वास्थ्य आधार पर राहत मिली है। यह याचिका भी वैध आधार पर है। हाईकोर्ट की खंडपीठ जिसमें न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और विनीत कुमार माथुर शामिल थे।

## अपनी बात पर अडिग संजीव बालियान, बोले-आत्मसम्मान से बड़ी कोई चीज नहीं

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर सांसदी की सीट हारने के बाद संजीव बालियान लगातार सच्चाई उगल रहे हैं, मगर सच्चाई उगलने का इतना बड़ा खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा शायद इसका एहसास उन्हें खुद को भी नहीं था। यह तो पूर्ण रूप से सच है कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार और भाजपा कार्यकर्ताओं की पूछ न होने का बोलबाला है। कई बार मुजफ्फरनगर जिले में ही नहीं प्रदेश में भाजपाईयों के अपमान मामूली से दरोगा तक ने किये हैं। हाल ही में एक उदाहरण एक एसएसपी को हटाने का उत्तर प्रदेश के छह विधायकों को शिकायत कर हटवाना पड़ा था यानि एक एसएसपी छह विधायकों पर भारी पड़ रहे थे। और वास्तव में यह इसी सरकार में मुमकिन है, बाकी की सरकारें हमेशा अधिकारियों से बैलेंस बनाकर चलती थी मगर इस सरकार में हरेक विभाग निरंकुश दिखता है। हारने के बाद संजीव बालियान को खुद एहसास हुआ कि सत्ता की कुर्सी पर काबिज रहते जब कार्यकर्ता उन्हें बताया करते थे कि अधिकारी यहां सिर चढ़कर बोल रहे हैं, वह बात हारने के बाद संजीव बालियान को भी सच लगने लगी और वे खुलकर ये बोलने लगे कि प्रदेश में अधिकारी तहसील, थाने सब निरंकुश हैं और दो दिन पहले मंदिर व धर्मशाला पर हुए विवाद के बाद उन्होंने सीधा दरोगा से ही

पूछ लिया कि कब्जा कराने के क्या रेट हैं? यह बात प्रदेश सरकार को चुभ गयी, हाथोंहाथ उनकी सुरक्षा वापस ली गयी। मंगलवार को दिल्ली में फिर से चैनलों पर संजीव बालियान ने डटकर सच्चाई सामने रखी। उन्होंने कहा कि मुझसे मत पूछो, जिले के कार्यकर्ताओं का सर्वे करोगे तो तस्वीर साफ निकलकर सामने आएगी कि कार्यकर्ताओं का किस तरह से अधिकारी उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए कितने शर्म की बात है कि अभी मुझे सांसदी गंवाए हुए सात आठ महीने भी नहीं हुए हैं और कार्यकर्ताओं को न्याय दिलाने के लिए मुझे खुद थाने जाना पड़ रहा है और दरोगा से नोंक-झोंक करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि मेरी बात भी छोड़ो, कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता शोर मचा-मचाकर भ्रष्टाचार की बातें खुलकर सार्वजनिक कर रही है और सरकार अधिकारियों को सख्त ही नहीं कर पा रही। यह हाल तो तब है, जब हमारा शासन राज्य और केन्द्र दोनों में है। उसके बाद भी कार्यकर्ता मारा-मारा घूम रहा है, ऐसे में उन्होंने क्या गलत बोल दिया? कार्यकर्ताओं का सर्वे करा लीजिए, सारी तस्वीर साफ हो जाएगी। अंत में उन्होंने कहा कि मेरे लिए आत्मसम्मान से ऊपर कुछ भी नहीं है। दस साल केन्द्र सरकार में मंत्री रहने के बाद मेरे सम्मान को ठेस पहुंचाई गयी है। आने वाले दिनों में हमारे जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं का क्या होगा? यह कह पाना मुश्किल है। कुल मिलाकर अपनी सुरक्षा हटने के बाद से संजीव बालियान आहत दिखाई दिये और कहा कि यह मामला अब मुख्यमंत्री दरबार में जा पहुंचा है, जो उन्हें ठीक लगेगा वो करेंगे।

## यूपी: अखिलेश यादव ने किया गंगा स्नान

**प्रयागराज, 14 जनवरी (एजेंसी)।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मकर संक्रांति के मौके पर गंगा स्नान किया। इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए दी। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा कि मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मां गंगा का आशीर्वाद लिया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को हरिद्वार में गंगा स्नान किया। इसके फोटो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म साझा किए। अखिलेश यादव पूर्व में ही कह चुके हैं कि वह पवन अवसरों पर गंगा स्नान करते हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ को लेकर सरकार ने तमाम दावे किए, लेकिन वहां पर सच्चाई कुछ और ही बयान कर रही है। श्रद्धालु परेशानियों से गुजर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। सरकार गरीब नाविकों की नाव पर पाबंदी लगाकर उनकी रोजी-रोटी छीनने पर उतारू हो गई। अखिलेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर कार्य में कमीशनखोरी हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने सपना दिखाया था कि वे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को जापान के शहर क्योटो जैसा बना देंगे। वाराणसी स्मार्ट सिटी का अनोखा नमूना बन जाएगा। वाराणसी में न तो स्ट्रीट लाइटें दुरुस्त हैं और न ही सड़के गड्ढा मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर झूठे दावे किए। लखनऊ में विकासनगर के बाद अब टेढ़ी पुलिया चौराहे से इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे की तरफ जाने वाली सड़क धंस गई है।

# कोहरे का कोहराम, वाहनों की गति को लगी लगाम

▶ सर्द हवाओं के बीच दोपहर तक छाया रहा जिले में कोहरा ▶ अभिभावक करते रहे इंतजार, नहीं बढ़ी स्कूलों की छुट्टी

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** दिल्ली-एसनीआर के साथ समूचे उत्तर भारत में मौसम इस बार बदमिजाज सा होने लगा है, जिससे सब कुछ अव्यवस्थित सा होता दिखाई दे रहा है। ऐसे में जहां बीमारियों की संभावना तेजी से बढ़ने लगी है, वहीं हाईवे से संपर्क मार्गों तक कोहरे का तेजी से बढ़ता कहर नए आंकड़ों को जन्म देता दिखाई दे रहा है। वेस्ट यूपी समेत मुजफ्फरनगर में ऐसे हालातों के बीच मंगलवार को हुए बदलाव से लोगों में फिर से दहशत देखने को मिली है। जिले में जारी कोहरे के कोहराम और शीतलहर की आशंकाओं के बीच बुधवार से स्कूलों में फिर से कक्षाएं शुरू होने से छोटे बच्चों के अभिभावकों की चिंताएं फिर से बढ़ने लगी हैं। मंगलवार को इन्हीं हालातों के बीच दिनभर सर्द हवाओं के बीच कोहरे का कहर दोपहर तक जारी रहा। ऐसे में कुछ घंटों की राहत के बाद सायं को फिर से हाईवे और अन्य संपर्क मार्गों के साथ नगरीय क्षेत्र में छाए कोहरे ने वाहनों की गति को ब्रेक लगाने के साथ समय से पूर्व लोगों को घरों में छिप जाने के लिए विवश कर दिया। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों की बात की जाए तो मंगलवार को

**अधिकतम तापमान 18 व न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस**

मुजफ्फरनगर में जहां अधिकतम तापमान 18 डिग्री व न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ताजा पश्चिमी विक्षोभ के अनुसार 17 जनवरी से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। इसके चलते चक्रवाती परिसंचरण कोमोरिन क्षेत्र के ऊपर सक्रिय है। इस बीच एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तर बांग्लादेश और आसपास के क्षेत्रों में स्थित है। वहीं उप-उष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम उत्तर भारत के ऊपर 12.6 किमी की ऊंचाई पर, लगभग 100 नॉट की गति से चल रही है। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट के चलते अभी घने से बहुत घना कोहरा दिल्ली, पश्चिमी राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में अगले कई दिनों तक देखने को मिलेगा। वहीं अगले 24 घंटे के दौरान, दक्षिण कर्नाटक व अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में हल्की छिटपुट बारिश, तमिलनाडु, दक्षिण केरल और लक्षद्वीप के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और 15 जनवरी को पूर्वी राजस्थान, दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश व उत्तर मध्य प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में घना से बहुत घना कोहरा छाने की संभावना है।

# छुट्टी के दिन भी सर्राफा बाजार के व्यापारी का नगर पालिका ने तोड़ दिया चबूतरा

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** नगर पालिका द्वारा मंगलवार को मकर संक्रान्ति की छुट्टी होने के बावजूद भी सर्राफा बाजार में एक सर्राफ व्यापारी का चबूतरा तुड़वा दिया गया। पीड़ित व्यापारी सुधीर कुमार वर्मा ने मीडिया को बताया कि भेदभाव करते हुए नगर पालिका द्वारा आज छुट्टी के दिन भी उसकी दुकान के आगे बना चबूतरा तुड़वा दिया गया। व्यापारी का कहना है कि खुद शिकायतकर्ता संजीव गर्ग ने अतिक्रमण किया हुआ है। नगर पालिका यहां आकर देखे कि उसका छज्जा कितना बाहर है। व्यापारी का कहना यह भी है कि एक व्यक्ति की शिकायत पर अकेले उसकी दुकान का चबूतरा ही क्यों तोड़ा गया है। नियम और कानून की बात करें तो सर्राफा बाजार के सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों के आगे अवैध चबूतरा बना रखा है। ऐसे में नगर पालिका द्वारा उसके साथ भेदभाव किया गया है। यदि तोड़ना ही है तो फिर सभी का चबूतरा एक साथ तोड़ा जाता। तब उन्हें भी लगता कि उक्त कार्य न्याय संगत किया गया है।

## संभल : वर्दी नियमों के उल्लंघन मामले में सीओ अनुज चौधरी के खिलाफ जांच शुरू

**संभल, 14 जनवरी (एजेंसी)।** वर्दी नियमों के उल्लंघन मामले में संभल के सीओ अनुज कुमार चौधरी के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने इस संबंध में डीजीपी से शिकायत की थी। अमिताभ ठाकुर ने कहा था कि अनुज चौधरी ड्यूटी के दौरान लगातार विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते दिख रहे हैं। इनमें धार्मिक जुलूस से संबंधित गदा उठाने और उसे पुजारी को देने, ड्यूटी के दौरान भजन गाने, विभिन्न मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने के कार्य शामिल हैं। इनमें कई कार्य उनके द्वारा पुलिस वर्दी में किया जा रहा है। उन्होंने इसे उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 के नियम 3 व 4 के उल्लंघन के साथ वर्दी धारण के संबंध में डीजीपी के सर्कुलर दिनांक 6 अक्तूबर 2014 का स्पष्ट उल्लंघन बताया था। इस संबंध में एएसपी श्रीश्चंद्र ने आख्या तैयार की। इसमें लिखा कि डीआईजी मुरादाबाद के आदेश पर सीओ के खिलाफ जांच शुरू हो गई है। अनुज चौधरी को बयान दर्ज करने के लिए नोटिस जारी किया है। जांच में पाए गए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## दिल्ली चुनाव के लिए कांग्रेस ने 16 प्रत्याशियों की चौथी लिस्ट की जारी

**नई दिल्ली, 14 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की चौथी लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने इस लिस्ट में 16 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। चौथी लिस्ट में हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक धर्मपाल लकड़ा को मुंडका से टिकट दिया गया है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णा तीरथ को पटेल नगर से टिकट दिया गया। कांग्रेस ने दिल्ली के 70 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए अब तक कुल 63 उम्मीदवार घोषित किए हैं। इससे पहले कांग्रेस ने तीन अलग-अलग सूचियों में 48 प्रत्याशी घोषित किए गए थे। चौथी लिस्ट में इन कांग्रेस उम्मीदवारों की इस सूची में कुल 16 नाम हैं, जिनमें मुंडका से धर्म पाल लाकड़ा, किराड़ी से राजेश गुप्ता, मॉडल टाउन से कुंवर कर्ण सिंह, पटेल नगर (एससी) सीट से कृष्णा तीरथ, हरि नगर से प्रेम शर्मा, जनकपुरी से हरबानी कौर, विकासपुरी से जितेंद्र सोलंकी, नजफगढ़ से सुषमा यादव, पालम से मांगे राम, आरके पुरम से विशेष टोकस, ओखला से अरीबा खान, विश्वास नगर से राजीव चौधरी, गांधी नगर से कमल अरोड़ा, शहादरा से जगत सिंह, घोंडा से भीष्म शर्मा और गोकलपुर (एससी) सीट से ईश्वर बागरी को टिकट दिया है। बता दें कि, दिल्ली में 5 फरवरी को एक ही चरण में मतदान होना है और वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सभी 70 उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है। वहीं, कांग्रेस ने अब तक कुल 63 उम्मीदवार की सूची जारी की है। गौरतलब है कि 2015 में 70 में से 67 सीटें जीतने के बाद, 2020 के विधानसभा चुनावों में आप ने फिर से 62 सीटें जीतीं। भाजपा ने अपनी सीटों की संख्या तीन से बढ़ाकर आठ कर ली, जबकि कांग्रेस लगातार दूसरी बार अपना खाता खोलने में विफल रही।

# पूरे नगर में धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व, विभिन्न स्थानों पर किया गया खिचड़ी वितरण कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** जिलेभर में मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य करने के साथ पूजा-पाठ किया। इस कड़ी में शहर से गांव-देहात तक गलियों, बाजारों व मंदिरों के बाहर लगे असंख्य भंडारों में गरीबों के साथ राहगीरों की खूब सेवा की खातिर धर्म परायण लोगों ने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रसाद वितरण किया। मकर संक्रांति पर्व पर सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही मंगलवार से सूर्य की गति अब उत्तरायण की ओर बढ़ गई है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस पर्व पर दान-पुण्य के साथ खिचड़ी वितरण आदि का विशेष महत्व है। इस कड़ी में विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा खिचड़ी का वितरण किया गया। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल,

मकर संक्रांति पर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में मंगलवार को नवीन मंडी स्थल स्थित शिव मंदिर में व्यापारी नेता संजय मिश्रा द्वारा खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल व चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप की मौजूदगी में संपन्न पूजा-अर्चना के बाद में खिचड़ी वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री व पालिका चेयरपर्सन ने स्वयं भी श्रद्धालुओं को खिचड़ी वितरण किया। इस दौरान भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अनुज गोयल, कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, हर्षवर्धन जैन, नवनीत गुप्ता, यशपाल बालियान, श्याम सिंह सैनी, रवि शर्मा, रोहित शर्मा, रमन शर्मा, जितेन्द्र कुच्छल, शलभ गुप्ता, जनार्दन विश्वकर्मा, सुशील शर्मा, संदीप शर्मा, सुभाष चौहान, पुनीत वशिष्ठ, अखिल वत्स, मनीष गर्ग, विकल्प जैन, प्रमोद शर्मा, सुबोध शर्मा, अरूण मिश्रा आदि सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

उधर, मकर संक्रांति के पावन पर्व पर नवीन मंडी स्थल स्थित व्यापारी नेता संजय मित्तल के प्रतिष्ठान पर चाय-पकौड़े आदि प्रसाद का वितरण किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लाला रामनिवास मित्तल, सुरेन्द्र बंसल, रविन्द्र कुमार, कृष्ण चंद मुंदडा,

रूड़की रोड़ आनंदपुरी में खिचड़ी का वितरण करते स्थानीय लोग

दिनेश राठी, अमित जैन, श्याम सुंदर, चिरंजी लाल, सचिन, कुलभूषण मित्तल,चिन्मय मित्तल, दीपक मदान, तुषार गर्ग आदि ने प्रसाद वितरण में अपनी सेवा दी।

वहीं नगर के रेलवे स्टेशन पर मनीष पान भंडार पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहगीरों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान शैंकी, मनीष, पंकज बालियान, मुकेश त्यागी, रेशू, अनुभव चौधरी, राजन, नंद किशोर मित्तल, मोनू, अमन राठी व जतिन भारद्वाज सहित अनेक लोगों ने प्रसाद वितरित किया।

नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर भी भारत विकास परिषद् द्वारा तुलसी पार्क में मकर संक्रांति पर्व पर पारंपरिक रूप से खिचड़ी का वितरण किया गया। वहीं दूसरी ओर गुडविल सोसायटी द्वारा शिव चौक पर मकर संक्रांति के पावन पर्व

कच्ची सड़क स्थित मां भगवती मंदिर पर खिचड़ी का प्रसाद वितरित करते भक्तगण।

पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने अपने हाथों से राहगीरों को खिचड़ी वितरण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

तेजस फाउंडेशन की ओर से अलमासपुर कूकड़ा रोड पर श्री जी नर्सिंग होम में खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान अरुण प्रताप सिंह, अमित गोयल, भाजपा नेता सुभाष चौहान, हरेंद्र कुमार, राजीव मलिक, अमित कुमार, नीशु कुमार आदि मौजूद रहे। इसके अलावा नुमाईश कैंप, नई मंडी, गांधी कॉलोनी, शिव चौक, भगत सिंह रोड, कच्ची सड़क, आर्यपुरी, साकेत, कोर्ट रोड, नदी रोड, जानसठ रोड समेत अन्य मुख्य मार्गों, बाजारों और गली-मौहल्लों में धर्म परायण जनता ने अपनी क्षमता के साथ खिचड़ी वितरण किया।

## श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार ने बांटी खिचड़ी

### - कोर्ट रोड पर चाय-बिस्कुट वितरण, दी लोगों को बधाई

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा संचालित श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से मकर संक्रांति पर्व पर कोर्ट रोड पर खिचड़ी, चाय और बिस्कुट का वितरण किया। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार की मौजूदगी में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, चेयरपर्सन मिनाक्षी स्वरूप, मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व विधायक अशोक कंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, कमल गोयल, एड. अमर कांत गुप्ता, श्यामलाल बंसल, सभासद पति शोभित गुप्ता, अतुल गर्ग, सुभाष गर्ग, अजय गर्ग, सतीश गर्ग, रामबीर सिंह, सुभाष गोयल, विपिन गुप्ता, सुरेश चन्द, सुनील तायल, गिरीश अग्रवाल, अशुल, विजय सिंघल, दीपक, स्वीटी, संजय अग्रवाल, रीतू सिंघल, महिका गुप्ता, प्रज्ञा गुप्ता, मीनाक्षी, अंकित, सचिन, रजत गुप्ता, ध्रुव, संदीप, पायल, राशी, तनु समेत बड़ी संख्या में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार से जुड़े सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने मनाया मकर संक्रांति का पर्व

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बुस.)।** आज गोल मार्केट परिसर के बाहर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन शाखा मुजफ्फरनगर की ओर से प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल के अध्यक्षता में विनोद संगल, टोनी बिंदल कोषाध्यक्ष ने मकर संक्रांति का पर्व आयोजित किया गया, जिसमें संस्था के समस्त सम्मानित पदाधिकारीगण, सदस्यगण, आम नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के उत्तम श्रेणी की खिचड़ी वितरित की और इस प्रकार से आम जनता को सामाजिक समरसता से भोज कराया। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल व मीनाक्षी स्वरूप नगर पालिका अध्यक्ष इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे तथा पूर्व विधायक अशोक कंसल भाजपा नेता श्रीमोहन तायल, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, विशिष्ट अतिथि रेनू गर्ग महिला प्रदेश अध्यक्ष, ममता अग्रवाल प्रदेश महामंत्री द्वारा आम लोगों को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के सदस्यों के साथ मिलकर अपने हाथों से खिचड़ी बांटी। इस अवसर पर बोलते हुए राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि सनातन संस्कृति पर मकर संक्रांति पर्व का बहुत महत्व है। अपने संबोधन में संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हमारे त्योहार भी परिवार और समाज को एक सूत्र में जोड़ने का काम करते हैं। हम आपस में एक दूसरे को सहभोज कराकर आपस में प्यार को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर भीम कंसल, आदित्य भारतीय, राजीव अग्रवाल, बीएम गुप्ता, ई.लोकेश चंद्रा, सुनील तायल, एल.के.मित्तल, अंकित बिंदल, अनुज सिंघल, इंजीनियर विपिन गुप्ता, अमरीश गोयल, गंगा प्रताप, विशाल गर्ग, मनोज जैन, गिरिराज महेश्वरी, संजीव अग्रवाल, श्री कृष्ण अग्रवाल, ललित अग्रवाल, अवनीश मोहन तायल, पंकज बंसल, अरुण गोयल, शिव कुमार संगल, अशोक संगल, पुष्पेंद्र अग्रवाल, बिजेंद्र गोयल, मुकुट गुप्ता, नवीन सिंगला, राजकुमार गर्ग, सतीश मित्तल, शिशु कांत एडवोकेट, सुभाष गुप्ता, सत्य प्रकाश मित्तल, अचिन सिंघल, देवेंद्र गर्ग, अनिल गोपाल गर्ग, पीयूष अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, रवि उपाध्याय आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## लेडीज क्लब ने लोहड़ी और मकर संक्रांति पर किया कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** लेडीज क्लब की ओर से लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान क्लब अध्यक्षा रीना अग्रवाल ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने प्रेरणादायक शब्दों से सबका मार्गदर्शन किया। क्लब सचिव डॉ. रिंकू एस. गोयल ने सभी का उत्साह बढ़ाते हुए कार्यक्रम का शानदार आगाज किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें जोड़कर रखता है और मिल जुलकर रहना सिखाता है। यह आयोजन हमारी परंपराओं और रिश्तों को सहेजने का एक अनूठा माध्यम है। उन्होंने आगे कहा कि लेडीज क्लब हमेशा कार्यक्रमों के माध्यम से सभी को एकजुट करने व खुशियों को साझा करने का प्रयास करता है। डॉ. रिंकू एस. गोयल, मंजरी कुमार व रेनू अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों की भागीदारी की। इस भव्य आयोजन की समन्वयक मोनिका गोयल, मोना कपूर और रेखा अरोड़ा जो क्लब की बोर्ड मेंबर्स हैं, ने उत्कृष्ट प्रबंध करते हुए सभी व्यवस्थाओं को सराहनीय ढंग से संभाला। कार्यक्रम के दौरान तंबोला, ग्रुप डांस जैसे कई

मनोरंजक खेल और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। अंत में सभी ने ढोल की धुन पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। इस दौरान टाइम ड्रॉ में सभी को उपहार वितरित किए और उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

## मकर संक्रांति पर व्यापारियों ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया

**मीरापुर, 14 जनवरी (बु.)।** कस्बे में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर कस्बे में व्यापारियों ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया तथा गरीब व जरूरतमंद लोगों को मूंगफली, रेवड़ी व कपड़े आदि का दान दिया। मीरापुर में मकर संक्रांति के पर्व पर सर्वप्रथम लोगों ने भगवान सूर्य की पूजा कर उन्हें अर्घ्य अर्पण किया। इसके बाद लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाया तथा जरूरतमंद लोगों को मूंगफली, रेवड़ी व कपड़ों का दान दिया। व्यापारियों ने मदान चौक पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया। इस दौरान, राकेश आढ़ती, अधिवक्ता सिद्धार्थ राजवंशी, नीरज गर्ग, सन्दीप रस्तौगी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल, अमित रस्तौगी, एकांश, शुभम जैन, दीपक कुमार आदि ने प्रसाद वितरण किया।

## नगर में पूर्व सैनिकों का नौवां वेटरन्स डे का कार्यक्रम संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा उमेश मिश्रा की मौजूदगी में मुख्यालय पर नौवां वेटरन्स डे आयोजित किया गया। इस कड़ी में पहले दिन चिकित्सा शिविर में भूतपूर्व सैनिक व उनके आश्रितों को एक बेहतर और सेहतमन्द जिन्दगी के लिए प्रेरित किया गया। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को जिले के पूर्व सैनिकों और वीरगति प्राप्त सैनिकों के आश्रितों को डीएम उमेश मिश्रा द्वारा शाल, मुमेंटो एवं प्रंशसा पत्र के साथ सम्मनित किया। सोल्जर बोर्ड में आयोजित कार्यक्रम में कर्नल राजीव चौहान आ.प्र. जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के आयोजन में संपन्न कार्यक्रम में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी के नेतृत्व में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क चिकित्सा परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। इस दौरान कर्नल

राजीव चौहान ने डीएम उमेश मिश्रा को सोल्जर बोर्ड के सैनिक भवन के बारे में बताया और उसका अवलोकन कराया। सोल्जर बोर्ड का अवलोकन करने के बाद डीएम उमेश मिश्रा ने कर्नल राजीव चौहान के प्रयासों की सराहना की और सहयोग का भी आश्वासन दिया।

## ढाबे का ताला तोड़कर लाखों का सामान व नगदी चोरी

**छपार, 14 जनवरी (बु.)।** दिल्ली देहरादून नेशनल हाईवे पर स्थित ढाबे पर बदमाशों ने धावा बोल दिया। ताला तोड़कर अंदर घुसकर बदमाश लाखों का सामान व नगदी चोरी कर ले गए। पीडित ने पुलिस से शिकायत की है। नई मण्डी थाना क्षेत्र के गांव नसीरपुर निवासी मनोज पुत्र सुंदरपाल की गांव छपार में टोल प्लाजा के पास स्वाद रेस्टोरेंट के नाम से ढ़ाबा व चाय की केटीन है। सोमवार देर में अज्ञात बदमाश ढाबे पर पहुंचे और गेट व लोहे के जाल में लगे ताले तोड़कर अंदर घुस गए और वहां से तीन गैस सिलेंडर, इंवर्टर-बैटरी, छः भिगोने आदि लाखों का सामान, गल्ले से 1500 की नगदी चोरी कर ले गए। आरोपितों ने वहां पर लगे कैमरे व डीवीआर भी तोड़ दी। सुबह को ही पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई।

## मकर संक्रांति पर व्यापारियों ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया

**रामराज, 14 जनवरी (बु.)।** कस्बे में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे में व्यापारियों ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित

किया तथा गरीब व जरूरतमंद लोगों को मूंगफली, रेवड़ी व कपड़े आदि का दान दिया। रामराज में मकर संक्रांति के पर्व पर सर्वप्रथम लोगों ने भगवान सूर्य की पूजा कर उन्हें अर्घ्य अर्पण किया। इसके बाद लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद बनाकर भगवान को भोग लगाया तथा जरूरतमंद लोगों को मूंगफली, रेवड़ी व कपड़ों का दान दिया। व्यापारियों ने रोहित बंसल जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा के व्यापार स्थल पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया तथा सभी को मकर संक्रांति की बधाईयां दी। इस दौरान डॉ. श्रीपाल कोहली, विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि, ओमप्रकाश मल्होत्रा, जयवीर सिंह बहसूमा, अरविंद चौधरी मोहम्मदपुर शिकस्त, भीमसेन शर्मा आदि ने प्रसाद वितरण किया।

## एसडी इंजी. एंड टैक्नोलोजी में मना लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी में लोहड़ी और मकर संक्रांति के अवसर पर महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान में बड़ी धूमधाम से लोहड़ी व मकर संक्रांति को मनाया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एकत्र होकर लकड़ियों, लकड़ी के बूटों और अन्य सामानों से एक विशाल अलाव बनाया और उसको जलाया। इसके साथ ही पतंगबाजी का मुकाबला भी आयोजित किया गया। सभी ने महोत्सव का आनंद उठाया और पारंपरिक गीत गाये और तिल, गुड़ और मूंगफली का वितरण किया गया, जो मिठास और समृद्धि की कामना करता है। अंकिता कुमार पत्नी अनुभव कुमार (सचिव) ने इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और गैर शिक्षक कर्मचारियों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामनायें दी। उन्होने कहा कि लोहड़ी और मकर संक्रांति भारतीय संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से हैं, जो विशेष रूप से उत्तर भारत में धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन त्यौहारों का आयोजन सर्दी के मौसम में होता है और यह फसल की कटाई का प्रतीक होते हैं। कॉलेजों में इन त्योहारों की विशेष धूम होती है,

जहां विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाते हैं। इस दिन को सूर्य के उत्तरायण होने के रूप में मनाया जाता है, जो भारतीय संस्कृति में अत्यंत शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि लोहड़ी और मकर संक्रांति के उत्सव का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच भाईचारे और प्रेम की भावना को बढ़ावा देना है। ये पर्व भारतीय संस्कृति के जश्न का हिस्सा होते हैं और कॉलेजों में इन्हें मिलकर मनाने से छात्रों में एकता और समर्पण की भावना उत्पन्न होती है।

## समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है अधिवक्ता : अनिल कुमार

**जानसठ, 14 जनवरी (बु.)।** जानसठ तहसील बार एसोसिएशन में स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने संस्था द्वारा प्रकाशित पत्रिका स्मारिका का विमोचन किया और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के चार मुख्य स्तंभों में सबसे महत्वपूर्ण न्यायपालिका है और न्यायपालिका में अधिवक्ता समाज की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन के बाबू लाल सिंह हाल में अधिवक्ताओं द्वारा माल्यार्पण कर अपने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया गया। अजय कुमार पंत की अध्यक्षता और अचल कुमार गोयल के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सचिव दीपेश गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि बार एसोसिएशन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पिछले एक वर्ष से स्वर्ण जयंती वर्ष के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उसी कड़ी में बार के

वर्तमान और इतिहास को समाहित करते हुए अधिवक्ताओं के पते, मोबाइल नंबर, महत्वपूर्ण संदेश और अनमोल वचनों को एकत्रित करते हुए पत्रिका स्मारिका प्रकाशित की गई है, जिसका विमोचन आज कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के द्वारा किया गया। सभा को संरक्षक प्रदीप कुमार गोयल एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष हसीन हैदर जैदी एडवोकेट प्रदीप कुमार गर्ग ने भी संबोधित किया। मुख्य रूप से प्रवेश कुमार गोयल, वेद प्रकाश सैनी, हिलाल मेहंदी जैदी, यशवंत कांबोज, अंकुर शर्मा, दिनेश बंसल, प्रमोद कुशाल, संदीप डागा, अनुज कंसल, संजय चौहान, मुकेश कुमार, अमरीश कुमार, शुमाल जैदी, आबिद जहिर, शक्ति शेखर, असलम अंसारी, सुधीर कुमार, संदीप कुमार, भारत गुप्ता, वेद प्रकाश सैनी , जितेंद्र तोमर , तेजपाल कश्यप , प्रमोद शर्मा, सुनील कपिल, नौशाद अहमद, नवनीत शर्मा, अनुज गोयल, जुल्फकार अहमद, बृजेश कुमार, ललित कुमार, नईम मौ., रोहन चौधरी सतीश रस्तोगी, ज्ञानचंद सैनी, सोनू सैनी, प्रदीप वालिया, धर्मेंद्र सैनी, अंकुश दीक्षित, सोनी गुर्जर, अनुज पाल दीपक कुमार नवीन गुर्जर, सुरेंद्र कुमार, मनोज सैनी, सहेद्र गुर्जर, अफसर जैदी, अक्षत जैन, प्रवेश पाल, रोहित सैनी, सात्विक आर्य, सुंदर पाल अंकुर शर्मा, सोमपाल, नीरज शर्मा, रविंद्र पाल, असलम अंसारी , शशि भूषण, मनीष प्रजापति, अरविंद बैसला, अंजू, कविता, सायरा, सूफिया सिद्दीकी, गायत्री, सीमा, सुधीर कुमार, रघुनाथ सिंह, तस्लीम अहमद, निशांत कांबोज आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र प्रधान के आवास पर शिष्टाचार भेंटवार्ता करने हेतु पहुंचे, जहां पर प्रत्येक समाज के दर्जनो लोगों ने उनका स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति मेरे पास किसी भी समय आकर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं और गरीब व्यक्ति के लिए वह हर पर्यटन करने को तैयार है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की सभी योजनाओं को पहुंचना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम कि अध्यक्षता राजेंद्र गोयल प्रधान ने की और संचालन सुरेंद्र बंसल ने किया। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंघल, शशिकांत राजवंशी, शशांक गोयल, रेशु गोयल, निशांत कंबोज, शिवकुमार गोयल, वीरेंद्र गोयल, संजय गोयल, सतपाल, आशु कंसल, सुशील कुमार, चिराग गोयल, राहुल गोयल एडवोकेट, अवनीश गोयल, संजीव प्रधान, मास्टर महकार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## शाहपुर में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर जश्न

**शाहपुर, 14 जनवरी (बु.)।** अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर निर्माण एवं राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर शाहपुर में पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण मित्तल के प्रतिष्ठान पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के साथ प्रसाद वितरण हुआ। सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर शाहपुर के छात्रों द्वारा श्रीराम मंदिर के प्रथम स्थापना दिवस पर घोष की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में संपूर्ण क्षेत्र जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। नगर में राम मंदिर की प्रथम प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी, पूर्व सभासद उमेश गोयल ने श्याम पाल भाई जी, अरुण मित्तल के यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगर वासी उपस्थित रहे। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी, अरूण मित्तल एवं मणिकांत मित्तल के नेतृत्व में हुए भव्य आयोजन में पूर्व चेयरमैन परमेश सैनी, भाजपा नेता उमेश मित्तल, ललित जैन, अनिल बंसल, वैभव गोयल, मुकेश सैनी, सचिन कुमार, विनोद कुमार आरा मशीन वाले, सभासद मनोज सैनी, सभासद विशाल गर्ग, पूर्व सभासद उमेश गोयल, वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर अनुज अग्रवाल, नवीन रूहेला,

रविंदर गर्ग, आदेश मित्तल, पंकज शर्मा, मनोज अग्रवाल, रविंद्र जैन, सोनू नामदेव, बृजमोहन कोरी, दिनेश पाल नंदा, दिव्यांश अग्रवाल, आचार्य विनोद दीक्षित, मनोज शर्मा, रेनू सिंघल, विपिन सिंघल,मधुसूदन मित्तल, अमन मित्तल, सचिन संगल, अनमोल सिंघल, हनु सिंघल, केसरी प्रजापति, विशाल कटारिया, अब्दुल मलिक अंसारी, शान मोहम्मद आतिशबाजी वाले, उमरदीन अब्बासी छोटा, दानिश अंसारी आदि सैकड़ों मौजूद रहे।

संस्थापक सम्पादक
एवं
हमारे प्रेरणास्रोत्र
स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

## मकर संक्रांति पर हुआ गर्म खिचड़ी का वितरण

**बुढ़ाना, 14 जनवरी (बु.)।** कस्बे के युवाओं द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर कस्बा पुलिस चौकी के पास स्टाल लगाकर आते जाते राहगीरों को भरी सर्दी में देशी घी की गर्म स्वादिष्ट खिचड़ी बांटी गयी। खिचड़ी के साथ सभी को अचार, दही, घी व पापड़ भी दिया गया। कार्यक्रम आयोजक युवा भाजपा नेता सुमित सैनी ने खिचड़ी का आनंद लेने वालों को मकर संक्रांति पर्व का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं दी। इस आयोजन की खास बात ये रही कि इसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व सांप्रदायिक सौहार्द्र को बढ़ाने पर पूरा बल दिया। सुमित सैनी ने यहां पर मकर संक्रांति का महत्व बताते हुए कहा कि खिचड़ी पर्व सामाजिक एकता का संदेश देता है। कार्यक्रम में बच्चों, बूढ़ों से लेकर युवाओं की पूरी सहभागिता रही। युवाओं का इस पर्व से जुड़ना और सहयोग करना युवा पीढ़ी में सनातन संस्कृति के प्रति एक नई दिशा प्रदान करेगी, ऐसा सुमित सैनी ने बताया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी मकर सक्रांति का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। संगठनों व समाजसेवियों द्वारा प्रसाद के रुप में खिचड़ी का वितरण किया गया। यहां पर कई श्रद्धालुओं ने दान पुण्य भी किया। मकर संक्रांति के इस पावन अवसर पर प्रातः से ही धूप खिली हुई थी, जिसने त्यौहार को और भी खुशगवार बना दिया था। यहां सभी मंदिरों में भी पूजा अर्चना की गयी। यहां सुमित सैनी, युवा भाजपा नेता हिमांशु संगल, विकास गुप्ता, कालूराम, मनोज, शाहबाज सिद्दीकी, गुलजार कुरैशी, सलमान, मेहरबान, वकार, खलील मौजूद थे।

## ओटीएस योजना में ज्यादा छूट का आज लास्ट डे

**बुढ़ाना, 14 जनवरी (बु.)।** उन विद्युत उपभोक्ताओं के लिए एक बुरी खबर है। जो बार बार चेतावनी मिलने के बावजूद भी अपना बकाया विद्युत बिल बिल्कुल भी जमा नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि 15 जनवरी के बाद ओटीएस योजना का जो तीसरा चरण शुरू होगा, उसमें बकायेदारों को दी जा रही छूट में से दस प्रतिशत की छूट समाप्त कर दी जाएगी। यह जानकारी स्थानीय विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत कुमार यादव के हवाले से बुढ़ाना विद्युतगृह के जेई मनोज कुमार ने मंगलवार को मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ओटीएस योजना का दूसरा चरण चल रहा है, जिसका 15 जनवरी दिन बुधवार को अंतिम दिन है। अब जो छूट मिल रही है, उसमें अगर उपभोक्ता 15 जनवरी को बुधवार को अंतिम दिन भी ओटीएस योजना का लाभ लेते हुए अपना बकाया बिल जमा करा दे, तो उस पर दस प्रतिशत का भार नहीं पड़ेगा, क्योंकि इस चरण के खत्म होते ही जो तीसरा चरण चालू होगा, उसमें बकायेदार को मिलने वाली छूट में से 10 प्रतिशत की कटौती कर दी जाएगी। इसमें उपभोक्ताओं को फिर छूट के हिसाब से दस प्रतिशत अधिक रुपया देना पड़ेगा। उन्होंने उन उपभोक्ताओं को भी चेतावनी देते हुए कहा कि बकायेदार अपना बिल जमा करा दें नहीं तो उनके कनेक्शन काटने के बाद उनकी निगरानी भी रखी जाएगी कि कहीं वे कनेक्शन कटने के बाद बिजली की चोरी तो नहीं कर रहे हैं।

## खतौली में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्व

**खतौली 14 जनवरी (बु.)।** नगर के चार क्षेत्रों में पावन लोहड़ी का पर्व सर्व समाज द्वारा आपसी सद्भावना द्वारा पारम्परिक रूप से श्रद्धापूर्वक मनाते हुए लोहड़ी पर्व की अग्नि प्रज्ज्वलित कर मूंगफली, पॉपकोर्न व रेवड़ी गुड़ के प्रसाद का वितरण किया गया, वहीं यू ट्यूबर भूरा के ढोल की थापों में युवा वर्ग द्वारा जमकर भंगड़ा व नृत्य करते हुए पर्व की खुशी का इजहार किया गया। लोहड़ी का पर्व नगर क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में उल्लास पूर्वक मनाया गया। विशेष रूप से यह पर्व जहां पंजाबी समाज द्वारा श्रद्धा पूर्वक मनाया जाता है वहीं इस बार रेलवे रोड विनायक ब्यूटी कलेक्शन केन्द्र पर आयोजित लोहड़ी पर्व कार्यक्रम में सर्वसमाज के लोगों की भीड़ दिखाई पड़ी। इस अवसर पर व्यापारी नेता गुलशन भाटिया व राजकुमार तनेजा द्वारा संयुक्त रूप से लोहड़ी की अग्नि प्रज्ज्वलित की गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम में शामिल पुरुषों, महिलाओं व बच्चों द्वारा अग्नि में रेवड़ी, मंगफली की आहुति देते हुए परिक्रमा की गयी। इस अवसर पर यू ट्यूबर फरमानी नाज के भाई भूरा के ढोल की थाप व पंजाबी गीतों पर युवा वर्ग जमकर भंगड़ा व नृत्य करते हुए दिखाई दिये। इस अवसर पर एक दूसरे को लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके परिजनों की मंगल कामना की गयी। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण ठकराल, प्रशान्त पंडित, गांव तिसंग के पूर्

1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## मौसम विभाग का स्थापना दिवस

भारतीय मौसम विभाग का 150 वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय मौसम विभाग की उपयोगिता पर बात की। उन्होंने कहा कि आज हम भारतीय मौसम विभाग के 150 साल सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये 150 साल केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा ही नहीं है, यह हमारे भारत के साइंस और टेक्नोलॉजी के विकास की भी यात्रा है। भारतीय मौसम विभाग ने करोड़ों भारतीयों की सेवा की है। 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा, तब भारतीय मौसम विभाग का स्वरूप क्या होगा, इसके लिए विजन डॉक्यूमेंट भी जारी किया गया है। सभी देशवासियों को इस गौरवपूर्ण अवसर के लिए शुभकामनाएं। भारत सरकार के मौसम विभाग की 150वीं वर्षगांठ पर मिशन मौसम भी लॉन्च किया गया। इस मिशन भारत को मौसम की विभिन्न परिस्थितियों के लिए तैयार रहने और जलवायु के प्रति जागरूक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें मौसम की भविष्यवाणी करने की तकनीक को बेहतर बनाना और जलवायु परिवर्तन से निपटने की तैयारी करना शामिल है। इसके साथ ही,विभाग ने भविष्य के लिए अपनी योजना, भारतीय मौसम विभाग विजन-2047 भी जारी की है। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य देश की मौसम पूवार्नुमान क्षमताओं में महत्वपूर्ण वृद्धि और जलवायु परिवर्तन के प्रति इसके लचीलेपन को मजबूत करके भारत को 'वेदर रेडी, क्लाइमेट स्मार्ट' नेशन बनाना है। भारतीय मौसम विभाग के जरिए अर्ली वॉर्निंग फॉर ऑल जारी किया गया है। प्रधानमन्त्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी तक इसकी पहुंच है। हर किसी को पिछले और आने वाले 10 दिनों की जानकारी मिलती है। मौसम से जुड़ी भविष्यवाणी सीधे वॉट्सएप पर पहुंच जाती हैं। मौसम विभाग ने मेघदूत मोबाइल ऐप बनाया, जहां देश की सभी स्थानीय भाषाओं में जानकारी मिलती है। 10 साल पहले देश के सिर्फ 10 प्रतिशत किसानों और पशुपालकों को मौसम से जुड़ी जानकारी मिलती थी। आज ये संख्या 50 प्रतिशत से अधिक हो गई है। यहां तक की बिजली गिरने की जानकारी मोबाइल पर मिलती है। देश के लाखों समुद्री मछुआरे समंदर में जाते थे, तो उनके परिवारों को अनहोनी की आशंका रहती थी। अब मछुआरों को रियल टाइम अपडेट मिल रहा है। 'मिशन मौसम' देश को मौसम के लिए तैयार होने और देश को क्लाइमेट-स्मार्ट बनाने की प्लानिंग है। इसमें वेदर मॉनिटरिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जाएगा, जिसमें नेक्स्ट जनरेशन रडार, सैटेलाइट और हाई-पर्फार्मिंग सुपर कंप्यूटर शामिल हैं। इससे भारत को क्लाइमेट चेंज के प्रभावों को कम करने और नेचुरल डिजास्टर से बेहतर तरीके से निपटने में मदद मिलेगी। मौसम विज्ञान को भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी और डिजिटल टेक्नोलॉजी का फायदा मिल रहा है। आज देश के पास अंटार्कटिका में मैत्रेयी और भारती नाम के दो मेट्रोलॉजिकल ऑब्जर्वेटरी हैं। पिछले साल अर्थ और अरुणिका नाम के सुपर कंप्यूटर शुरू किए गए हैं। इससे मौसम विभाग की विश्वसनीयता पहले से अधिक बढ़ी है। पिछले 10 सालों में कई साइक्लोन आए, लेकिन हमने जनहानि को जीरो या सबसे कम कर-के दिखाया। पिछली सरकारों में जब ऐसी प्राकृतिक आपदाओं में हजारों जानें जाती थीं, तो उसे नियति कहकर टाल दिया जाता था। मोदी ने मौसम की भविष्यवाणी से जुड़ा एक अनुभव भी शेयर किया। उन्होंने कहा 13 जनवरी सोमवार को मैं जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में था, वहां का प्रोग्राम पहले बनाया गया था, लेकिन मौसम विभाग ने कहा कि 13 जनवरी को प्रोग्राम बनाइए। मैं वहां कल दिन में था। एक बार भी बादल नहीं आए। मौसम विभाग की सूचना के कारण मैं आसानी से कार्यक्रम पूरा करके लौटा। ब्रिटिश काल के समय 1875 में स्थापित भारतीय मौसम विज्ञान विभाग 15 जनवरी को अपनी स्थापना के 150 वर्ष पूरे करने जा रहा है। एक साधारण शुरूआत से लेकर आज अत्याधुनिक तकनीक तक भारतीय मौसम विभाग ने 150 वर्षों का एक लंबा सफर तय किया है। भारतीय मौसम विभाग का गठन 1864 में कोलकाता में आए विनाशकारी चक्रवात और 1866 एवं 1871 में लगातार मानसून का पूवार्नुमान न कर पाने के बाद हुआ था। आज इसकी गिनती दुनिया की श्रेष्ठ एजेंसी के रूप में होती है। साल 1875 में कुछ वर्षामापी यंत्रों से शुरूआत करने से लेकर विश्व की श्रेष्ठ मौसम एजेंसियों से प्रतिस्पर्धा करने तक, भारतीय मौसम विभाग ने एक साधारण सेटअप से मौसम विज्ञान के अत्याधुनिक केंद्र में तब्दील होने के साथ-साथ पूवार्नुमान लगाने से वैश्विक नेता बनने तक का सफर तय किया है। मौसम विज्ञान विभाग का मुख्यालय नयी दिल्ली में स्थित है। इस विभाग के द्वारा भारत से लेकर अंटार्कटिका भर में सैकड़ों प्रपक्षेण स्टेशन चलाये जाते हैं। मौसम विभाग की स्थापना सर्वप्रथम 1844 में पुणे में हुई, 1875 में इसका नाम बदलकर मौसम सर्वेक्षण अनुसंधान रख दिया गया। मौसम विज्ञान विभाग का मुख्यालय 1905 में शिमला, फिर 1928 में पुणे और अंततः नयी दिल्ली में स्थानांतरित किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग स्वतंत्रता के बाद 27 अप्रैल 1949 को विश्व मौसम विज्ञान संगठन का सदस्य बना।

मिशन मौसम भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। मिशन मौसम और जलवायु अनुसंधान में क्षेत्रीय सहयोग पर जोर देता है। भारतीय मौसम विभाग ने पाकिस्तान, मालदीव, अफगानिस्तान, भूटान, श्रीलंका और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों के मौसम विज्ञानियों और जलवायु वैज्ञानिकों को विभिन्न कार्यक्रमों और ज्ञान-साझाकरण पहलों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। विभाग ने अपनी 150वीं वर्षगांठ मनाने के लिए दो दिनों में कई कार्यक्रम, गतिविधियां और कार्यशालाएं आयोजित कीं। इन कार्यक्रमों में विभाग की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया और मौसम विज्ञान में भविष्य की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की गई। इन समारोहों में पाकिस्तान, मालदीव, अफगानिस्तान, भूटान, श्रीलंका और नेपाल जैसे पड़ोसी देशों के मौसम विज्ञानियों और जलवायु वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

### चार मोती

सुनील उत्सव

'मजाक' 'पप्पू' 'दिल्ली' 'जाहिल'

दोनों ही का रोज उड़ता रहता है जमकर मजाक,
एक पप्पू दूसरे पप्पू से भिड़ जाने चला।
दिल्ली वाले इस नये झमे से भी हैरान हैं,
एक जाहिल दूसरे जाहिल से टकराने चला।

ओ३म् शान्तिः — शोक सभा — ओ३म् शान्तिः

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी
श्री संजीव कुमार गोयल, बंटी बैट्री वाले (सुपुत्र स्व0 श्री श्याम सुन्दर जी, लोहे वाले)
का स्वर्गवास दिनांक 05.01.2025, दिन-रविवार को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिन बुधवार दिनांक 15.01.2025 को होनी निश्चित हुई है।
बुधवार, 15 जनवरी 2025
ब्रह्मभोज 12:00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी 02:00 बजे दोपहर
स्थान: कमला फार्म, लिंक रोड, आदर्श कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
मो0 9760019077 (कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।)
-: शोकाकुल परिवार :-
(भाई)
डा0 सुरेन्द्र कुमार, न्याय बन्धु गोयल, अनिल लोहिया — दीपाली गोयल (पत्नी)
सुधीर गोयल, सुनील गोयल, नीरज गोयल — आकाश गोयल, सूरज गोयल (पुत्र)
पंकज गोयल, आलोक गोयल, ईश्वर गोयल — सरिता-राकेश मित्तल (बहन-बहनोई)
ज्ञान चन्द्र गोयल, गोपाल गोयल, अम्बरीश गोयल — सुनीता-स्व0 दीपक बंसल (बहन-बहनोई)
प्रदीप गोयल, सन्दीप गोयल, कुलदीप गोयल — ममता-मनोज जैन (बहन-बहनोई)
भतीजे:- मानव गोयल, डा0 सुकृत शंकर, निखिल शंकर, निशित शंकर, आशीष गोयल
अमित गोयल, अंकित गोयल, अनमोल गोयल, अरनव आलोक, अर्चित बंसल, सार्थक बंसल
प्रतिष्ठान: दीपाली ट्रेडिंग कम्पनी एवं आकाश बैट्रीज, मुजफ्फरनगर
निज निवास : 47 कुंजगली, अबुपुरा मुजफ्फरनगर-251001, उ.प्र.
M. 9975964735, 9837917372

## गायत्री परिवार शांतिकुंज की ओर से महायज्ञ का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गंगा विहार में 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस बीच सद्बुद्धि की देवी मां गायत्री के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते हुए महायज्ञ की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन सोहनवीरी द्वारा विधि विधान के साथ मंत्र आहुति के बीच संपन्न कराया गया। इस दौरान गायत्री प्रज्ञा मंगल का नेतृत्व कर रही शारदा मिश्रा, अन्नया मिश्रा ने विभिन्न भजनों के माध्यम से भगवान महाकाल व गायत्री मां का गुणगान किया। गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नवीन जी ने कहा कि मकर संक्रांति दान, समता व समृद्धि का पर्व है। गायत्री परिवार 21वीं सदी में उज्जवल भविष्य के संकल्प के साथ परम पूज्य गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा के विचारों पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति के उत्थान व यज्ञ परम्परा से मानव मात्र का कल्याण निश्चित है। इस दौरान अशोक तोमर, मुकेश त्यागी, अंकित, विमलेश, शुभम, संजय, प्रवीण, साक्षीर, रजनी, शुभलेश, सतीश बालियान प्रधान का विशेष योगदान रहा।

# शुकदेव आश्रम में डीएम उमेश मिश्रा ने सपरिवार बांटा मकर संक्रांति प्रसाद

## - अक्षय वट की पूजा की, पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज से लिया आशीर्वाद

**मोरना, 14 जनवरी (बु.)।** भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में मकर संक्रांति पर्व पर श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजन किया। डीएम उमेश मिश्रा ने सपरिवार श्री शुकदेव संस्कृत विद्यालय के ब्रह्मचारियों को मूंगफली और रेवड़ी प्रसाद वितरित किया। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि परमार्थ के प्रतीक भगवान सूर्य जगत के साक्षी देवता हैं, जो साक्षात दर्शन देकर जगत को प्रकाशित करते हैं। श्री शुकदेव आश्रम में श्रद्धालुओं ने सिद्ध वटवृक्ष में अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए धागा बांधा तथा परिक्रमा की। डीएम उमेश मिश्रा सपत्नीक आश्रम पहुँचे और दर्शन-पूजन किया। मिश्रा की पुत्रियों ने संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को मकर संक्रांति पर्व पर रेवड़ी, मूंगफली और फल का प्रसाद, चावल-दाल और दक्षिणा वितरित की। वीतराग स्वामी कल्याणदेव संग्राहलय का अवलोकन कर डीएम और स्वजनों ने स्वामी ओमानन्द महाराज

से आशीर्वाद लिया। श्री शुकदेव अन्न क्षेत्र में गंगा स्नान के बाद साधु-महात्मा और श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि सूर्यदेव अपनी नियमित गति से राशि परिवर्तन करते हैं। सूर्यदेव के इसी राशि परिवर्तन को संक्रांति कहा जाता है। इस प्रकार वर्ष में बारह संक्रांति तिथियां पड़ती हैं, जिसमें मकर संक्रांति सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखती है, जब भुवन भास्कर भगवान सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस काल विशेष को मकर संक्रांति कहा जाता है। मकर संक्रांति पर्व पारमार्थिक कार्यों के लिए प्रेरित करता है। कथा व्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य युवराज, सुमन शास्त्री, दीपक मिश्रा, विजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रान्ति पर बुलेटिन संपादक ने खिचड़ी प्रसाद बांटकर धर्मलाभ उठाया

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** मकर संक्रांति के त्यौहार पर देशभर के साथ नगर मुख्यालय पर आम-ओ-खास ने परम्पराओं के बीच पूजा-अर्चना के साथ दान-पुण्य के साथ अपनी क्षमता के अनुरूप खिचड़ी, चाय, कॉफी समेत अन्य खाद्य सामग्री का गरीब परिवारों के साथ राहगीरों को वितरण किया। इस दौरान नगर के प्रकाश चौक स्थित ऋषि स्वीट्स पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, वरिष्ठ सर्जन डॉ. पीके कांबोज, दिनेश भगत, ऋषि स्वीट्स के स्वामी ऋषि पाल, उनके सुपुत्र

शैंकी व परिवार के अन्य सदस्यों और स्टाफ ने राहगीरों को खिचड़ी के साथ चाय का वितरण किया गया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि मकर संक्रांति हिंदू धर्म के प्रमुख त्यौहारों में से एक है जो शीत ऋतु पौष मास में जब भगवान भास्कर उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो सूर्य की संक्रांति को मकर संक्रांति के रूप में देश में मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान पुण्य का विशेष महत्व है।

## एक ही परिवार के चार लोगों की मौत: देहरादून से मेहंदीपुर बालाजी गए थे, आश्रम के एक ही कमरे में मृत मिले

**देहरादून, 14 जनवरी (एजेंसी)।** उत्तराखंड के देहरादून के चार लोग मंगलवार को राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी में मृत मिले हैं। चारों एक ही परिवार के थे। मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार उपाध्याय (52), कमलेश (48), नीलम (35) और नितिन उपाध्याय (32) के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि परिवार तीन-चार दिन पहले बालाजी मंदिर मेहंदीपुर राजस्थान में दर्शन करने गया था। जो संदिग्ध अवस्था में आज दिन के करीब ढाई-तीन बजे राजस्थान में मेहंदीपुर बालाजी आश्रम में मृत अवस्था में मिले हैं। चारों लोग आश्रम के एक ही कमरे में ठहरे हुए थे। पिता पुत्र दोनों ऑर्डनेंस फैक्टरी में नौकरी करते थे। मृतक नितिन अविवाहित था और नीलम का अपने पति आदि से विवाद चल रहा था जिस कारण वह अपने माता-पिता के साथ ही रह रही थी। जानकारी के मुताबिक, सभी लोग करौली जिले में स्थित एक धर्मशाला में रुके हुए थे। जहां पर सभी शव मिला है। धर्मशाला के कमरे में शव मिलने की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। यह भी जांच हो रही कि इन लोगों की मौत कैसे हुई है। पुलिस ने बताया कि करौली जिले के पुलिस थाना टोडाभीम स्थित रामा कृष्णा आश्रम के एक कमरे में चार शव मिले। शुरूआती जांच में पता चला कि सभी 12 जनवरी से ही इस धर्मशाला में रुके हुए थे। वे सभी देहरादून के रहने वाले हैं और दौसा में स्थित मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन करने के लिए आए थे। शव मिलने की सूचना पर टोडाभीम और मेहंदीपुर बालाजी थाने की पुलिस पहुंची और सभी लोगों के मौत की वजह की जांच कर रही है।

## सैदपुर नंगला में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बुस.)।** गांव सैदपुर नंगला में मोहन भगत जी ने युवाओं का टूर्नामेंट कराया गया, जिसमें मुख्य अथिति पूनम चौधरी जिलाध्यक्ष क्रांति सेना महिला मोर्चा व मुकेश त्यागी जिलाध्यक्ष क्रांति सेना, विशिष्ट अतिथि शालू चौधरी जिला उपाध्यक्ष रही। टूर्नामेंट का उद्घाटन फीता काटकर पूनम चौधरी व मुकेश त्यागी ने किया। इस अवसर पर मोहन भगत जी ने गांव में टूर्नामेंट कराने के लिए और स्टेडियम बनाने के लिए अपनी 20 बीघा जमीन देने की घोषणा की और युवाओं के लिए और बच्चों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने की भी बात की। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने जो बच्चे खेल रहे हैं और खेल मेंजीत हासिल की उन्हे 5000/- इनाम दिया। गांव के लोगों ने काफी सराहना की।

## खतौली में हर्षोल्लास के साथ मनाया मकर संक्रान्ति पर्व

**खतौली 14 जनवरी (बु.)।** मकर संक्रान्ति के पर्व को उल्लासपूर्वक मनाते हुए श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी के साथ-साथ अन्य खाद्य पदार्थों सहित गर्म वस्त्रों का दान कर पुण्य लाभ कमाया। मकर संक्रान्ति के पर्व पर पौराणिक मान्यताओं के अनुसार खिचड़ी के साथ साथ अन्य खाद्य सामग्री व वस्त्रों के दान का विशेष महत्व माना गया है। इस अवसर पर अधिकांश हिन्दू परिवारों में खिचड़ी बनाये जाने का प्रचलन है। मकर संक्रान्ति के पर्व पर जहां हिन्दू परिवारों में विशेष धार्मिक आयोजन के साथ साथ खिचड़ी को प्रसाद के रूप में वितरण किया गया वहीं नगर क्षेत्र में बाजारों में समाजसेवी श्रद्धालुओं द्वारा स्थान स्थान पर स्टाल लगाकर खिचड़ी सहित अन्य सामग्री व फलों का वितरण किये जाने का दिनभर क्रम बना दिखाई दिया। समाजसेवियों द्वारा मकर संक्रान्ति के पर्व पर निर्बल वर्ग को कम्बल, रजाई आदि गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। इस पर्व पर आर्य समाज शिवपुरी में आयोजित कार्यक्रम में आर्यसमाज के जिला प्रधान सतेन्द्र पाल आर्य ने बताया कि यह पर्व सम्पूर्ण भारतवर्ष में विभिन्न नामों से मनाया जाता है। पंजाब में लोहड़ी, उ.प्र. में मकर संक्रान्ति जबकि दक्षिण में इसे पोंगल

और ओणम नाम से जाना जाता है। इस पर्व पर दान देने की परम्परा है, जो आज भी बनी हुई है। इस अवसर पर आर्य समाज में पुरोहित अजेश आर्य द्वारा यज्ञ सम्पन्न कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान सत्येन्द्र आर्य रहे। कार्यक्रम में जगदीश सिंह, सुशील आर्य, धीरेन्द्र आर्य, भगवान सिंह, शीषपाल आर्य, चरण सिंह, जयपाल सिंह, रण सिंह आर्य आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर मकर संक्रान्ति के पर्व पर कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा ने समाज सेवकों के साथ फलावदा रोड स्थित कुष्ठ आश्रम में रहने वालों से मुलाकात कर उन्हें वस्त्र खाद्य सामग्री सहित अन्य उपयोगी वस्तुओं का वितरण किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी ने कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों से वार्तालाप करते हुए उनसे उनकी आवश्यकताओं के बारे में जानकारी ली। कुष्ठ आश्रम के लोगों द्वारा कोतवाली प्रभारी सहित समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## अटेवा की मासिक बैठक में भावी रणनीति पर मंथन

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** पेंशन बहाली मंच अटेवा मुजफ्फरनगर के जिला संयोजक प्रीतवर्धन शर्मा की अध्यक्षता में एसडी इंटर कॉलेज रोडवेज पर संपन्न बैठक में संगठन सदस्यता अभियान, जिला व ब्लॉक कमेटी विस्तार व आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए बेहतर रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम संचालन मनोज कुमार ने किया। उक्त बैठक में रामनिवास आईटीआई व अनिल सिंह जीएसटी विभाग, पुष्पेंद्र चौधरी बेसिक शिक्षा एवं संगीता जावला को कार्यकारिणी में शामिल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुरानी पेंशन बहाल होने तक संघर्ष करने का संकल्प लिया गया। नगर के सभी मौहल्लों और कस्बों में 'चाय पर चर्चा' कार्यक्रम के जरिए सभी लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया ताकि संगठन की शक्ति के बूते पुरानी पेंशन बहाल हो सके। बैठक में रमेश चंद, सुनील पंवार, यशपाल अरोरा, डॉ. दीपक कुमार गर्ग, कपिल शर्मा, प्रशांत शर्मा, संजय राठी, संगीता जावला, संध्या रानी, सलूजा मलिक, अनुज गोयल, पंकज गुप्ता, मोहम्मद इमरान, दीपक बाबरे, अनार सिंह, सोमपाल, अनुराग राणा आदि उपस्थित रहे।

## चेयरपर्सन ने सर्द हवाओं व कोहरे के बीच किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** योगी सरकार की सख्ती एवं डीएम उमेश मिश्रा के निर्देशन में जिला व पालिका प्रशासन सर्द हवाओं व शीतलहर के बीच अब अलर्ट मोड़ पर दिखाई देने लगा है। इन्हीं तमाम व्यवस्थाओं का सच जानने बेसहारा, गरीब और बेघर लोगों की मदद और सर्दी से राहत दिलाने की दिशा में नगर पालिका की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगरीय क्षेत्र में निकली। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर संचालित स्थाई व अस्थाई रैन बसेरों के साथ अलाव की वास्तविकता को परखा। पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में मुख्य चौराहों के साथ करीब 37 से अधिक स्थानों पर अलाव व्यवस्था की है, वहीं पालिका प्रशासन ने गरीब व बेसहारा परिवारों को सर्दी से बचाव के लिए शेल्टर होम के साथ दो अस्थाई रैन बसेरों का संचालन कर रही है। मंगलवार रात्रि में इन्हीं सभी व्यवस्थाओं का सच जानने के लिए कोहरे व सर्द हवाओ के बीच सड़कों पर निकली पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप व ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने अलावघरों के

साथ रैन बसेरों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के बीच पालिका चेयरपर्सन ने अधीनस्थों को नगरीय क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं रैन बसेरों में आने वाले लोगों को कंबल, बिस्तर व अन्य व्यवस्था पुख्ता रखने के साथ शीत लहर से बचाव के निर्देश दिए।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो।
साक्षात्कार का समय:-
प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

## गृह मंत्रालय ने दी सीआईएसएफ के विस्तार को मंजूरी, बल की क्षमता होगी दो लाख

**नई दिल्ली, 14 जनवरी (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के विस्तार के लिए दो नई बटालियनों के गठन को हरी झंडी दी है। इस निर्णय के बाद बल की क्षमता को और बढ़ाने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने में काफी मदद मिलेगी। खास बात यह है कि इस निर्णय के बाद 2000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस मंजूरी के बाद, सीआईएसएफ की कुल ताकत अब 2 लाख कर्मियों तक पहुंच जाएगी। यह निर्णय बल पर बढ़ते दायित्वों और सुरक्षा आवश्यकताओं को देखते हुए लिया गया है। दो नई बटालियनों के गठन के साथ बल की कार्यक्षमता में सुधार होने की उम्मीद है। गृह मंत्रालय के इस कदम से कुल 2050 नए पदों का सृजन होगा। इनमें प्रत्येक बटालियन में 1025 पद होंगे। इससे न केवल बल की ताकत बढ़ेगी, बल्कि कर्मियों के बीच काम के दबाव को भी कम किया जा सकेगा।

महानिरीक्षक अजय दहिया ने कहा, "नई बटालियनों के गठन से मौजूदा कर्मियों पर काम का दबाव कम होगा और उन्हें अधिक छुट्टियां और साप्ताहिक अवकाश के अवसर प्राप्त होंगे।" हाल ही में महिला बटालियन के गठन को भी स्वीकृति दी गई थी। वर्तमान में बल में महिलाओं की भागीदारी केवल 7% है। महिला बटालियन के गठन का उद्देश्य बल में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है और महिलाओं की संख्या में वृद्धि करना है। इसके साथ ही, यह कदम रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा। नई बटालियनों के गठन से बल को न केवल अतिरिक्त शक्ति मिलेगी, बल्कि सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह निर्णय उक्त्र्र्र्की कार्यक्षमता और कर्मियों के कल्याण दोनों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** नगर के केशवपुरी व गांधी कॉलोनी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से पचेंडा रोड स्थित बारात घर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थापक पिता श्रीब्रह्मा बाबा की 56वीं पुण्य तिथि पर आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार डोडा ने कहा कि खुद को विकारों से दूर रखने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़ जाना बहुत जरूरी है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में वक्ता केशवपुरी सेवा केन्द्र इंचार्ज राजयोगिनी जयंती दीदी ने ब्रह्मा बाबा व ब्रह्माकुमारीज संस्था के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मैं खुद को ब्रह्माकुमारीज के संस्थापक ब्रह्मा बाबा की पुत्री मानती हूं। शिवबाबा ज्योति बिंदु है और सर्व आत्माओं के पिता हैं। ब्रह्मा बाबा का जन्म 1936 को सिंध के हैदराबाद शहर में हुआ। बीके जयंती दीदी ने कहा कि सभी धर्म समान है और शिव इनका बीज है। हम सब शिव बाबा के बच्चे है। उन्होंने बताया कि संस्थान के इस समय विश्व के 140 देशों में 6000 से अधिक सेवा केंद्र संचालित हैं तथा 46000 ब्रह्माकुमारी बहनें समर्पित रूप से तन, मन व धन के साथ अपनी सेवाएं दे रही हैं। कार्यक्रम में उर्मिला बहिन, अभिलाषा बहिन, तोशी बहिन, विधि बहिन ने भी संबोधित किया। संचालन नवीन भाई ने किया। कार्यक्रम में सरला, संतोष, शालिनी, पूजा, अंजलि, रीता, गुलशन, वरुण, राजेंद्र, मीडिया प्रभारी केतन कर्णवाल आदि उपस्थित रहे।

मकर संक्रांति के पर्व पर सुभाष नगर के दुर्गा संकट हरनी मंदिर पर मौहल्लेवासियों द्वारा खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिन त्यागी, नितिन त्यागी, सुबोध त्यागी, पंडित सुरेश, विकास त्यागी, विशु, आशु, संजीव आदि उपस्थित थे। -फोटो बुलेटिन

## 21 श्रृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की लगाई डुबकी; धारण की दीक्षा की दिगंबर वेशभूषा

**प्रयागराज, 14 जनवरी (एजेंसी)।** नख से शिख तक भभूत। जटाजूट की वेणी, आंखों में सूरमा, हाथों में चिमटा, होठों पर सांब सदाशिव का नाम। भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 श्रृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में अपने इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का श्रृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। दीक्षा की वेशभूषा दिगंबर स्वरूप में ही नागा साधुओं ने अमृत स्नान से पहले तन-मन को 21 श्रृंगार से सजाया। त्रिवेणी के तट पर महाकुंभ का पहला अमृत स्नान पुष्य और पुनर्वसु नक्षत्र में आरंभ हुआ। प्रथम पूज्य भगवान गणेश का पूजन करने के बाद नागा साधुओं ने आदियोगी शिव के स्वरूप में खुद को सजाया। शरीर पर भस्म लगाने के बाद चंदन, पांव में चांदी के कड़े, पंचकेश यानी जटा को पांच बार घुमाकर सिर में लपेटा, रोली का लेप, अंगूठी, फूलों की माला, हाथों में चिमटा, डमरू, कमंडल, माथे पर तिलक, आंखों में सूरमा, लंगोट, हाथों व पैरों में कड़ा और गले में रुद्राक्ष की माला धारण करने के बाद नागा साधुओं ने प्रस्थान किया। महानिवार्णी अखाड़े के शंकरपुरी महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में सुहागिन 16 श्रृंगार करती हैं, लेकिन नागा साधु अमृत स्नान के लिए 21 श्रृंगार करते हैं। इसमें शरीर के साथ ही मन और वचन का भी श्रृंगार शामिल होता है। इसके साथ ही सर्वमंगल की कामना भी होती है। इस श्रृंगार का मतलब दिखावा करना नहीं होता है। नागा साधु इसे अंदर तक महसूस भी करते हैं। महादेव को प्रसन्न करने के लिए 21 श्रृंगार के साथ ही नागा साधुओं ने संगम में अमृत स्नान की डुबकी लगाई।

## पीएम म्यूजियम की कार्यकारी परिषद की सदस्य बनी स्मृति ईरानी, नृपेंद्र मिश्रा का बढ़ा कार्यकाल

**नई दिल्ली, 14 जनवरी (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसायटी और कार्यकारी परिषद का पुनर्गठन किया गया है। प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा को संगठन का फिर से अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके कार्यकाल को एक बार फिर से पांच साल के लिए बढ़ाया गया है। इस प्रमुख संस्थान की सोसायटी में कई नए लोग शामिल हुए हैं। जिनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, सेवानिवृत्त सेना जनरल सैयद अता हसनैन, फिल्म निमार्ता शेखर कपूर और संस्कार भारती के वासुदेव कामथ शामिल हैं। प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय के प्रमुख निर्णय

## आतिशी ने कालकाजी विधानसभा से नामांकन दाखिल किया

**नयी दिल्ली 14 जनवरी (वार्ता)** आम आदमी पार्टी की नेता एवं दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। सुश्री आतिशी ने नामांकन

दाखिल करने के लिए सोमवार को लंबा रोड शो निकाला था, लेकिन देर होने की वजह से पर्चा नहीं भर पाई। उन्होंने कल रोड शो से पहले कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और गिरी नगर गुरुद्वारा में मत्था टेका था। उसके बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ करीब डेढ़ किमी का रोड शो किया था। गौरतलब है कि कालकाजी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस ने पार्टी की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा को मैदान में उतारा है। दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा जबकि मतगणना आठ फरवरी को होगी।

## पुलिस ने स्कूलों को बम से उड़ाने की अफवाह फैलाने वाले नाबालिग को हिरासत में लिया

**नयी दिल्ली 14 जनवरी (वार्ता)** दिल्ली पुलिस ने स्कूलों को बम से उड़ाने की अफवाह फैलाने के आरोप में एक नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (कानून व्यवस्था) मधुप तिवारी ने सोमवार को बताया कि स्कूलों को लगातार बम की धमकी वाले ईमेल भेजे जा रहे थे और इसकी शुरुआत 14 फरवरी को हुई थी। उन्होंने कहा , ''हमने गहनता से पड़ताल शुरू की। चूंकि वीपीएन आदि का इस्तेमाल किया जा रहा था इसलिए ईमेल के सोर्स का पता लगाना आसान नहीं था। लेकिन 8 जनवरी को हमें एक अहम जानकारी मिली जिसके बाद एक नाबालिग का पता लगाया जिसमें हमने पाया कि उसी ने ईमेल भेजे थे।''

## नारायणन ने इसरो के नए अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला

**चेन्नई, 14 जनवरी (वार्ता)** प्रतिष्ठित वैज्ञानिक (एपेक्स ग्रेड) डॉ. वी. नारायणन ने सोमवार को अंतरिक्ष विभाग के सचिव, अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष और भारतीय

अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कल दोपहर बेंगलुरु में इसरो मुख्यालय में निवर्तमान प्रमुख एस.सोमनाथ से पदभार ग्रहण किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इससे पहले डॉ. नारायणन ने तरल प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्य किया था, जो इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है, जिसका मुख्यालय तिरुवनंतपुरम के वलियामाला में है। और बैंगलोर में एक इकाई है।

## वृंदावन में बस में लगी आग : महाकुंभ से लौट रहे थे यात्री, खिड़कियां तोड़कर बचाई जान, एक बुजुर्ग की मौत

**मथुरा, 14 जनवरी (एजेंसी)।** मथुरा के वृंदावन में मंगलवार की शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ जहां, एक बस में आग लग गई। इस घटना में बस के यात्री खिड़कियां तोड़कर जान बचाने के लिए भागे। आग में तेलंगाना से आए एक यात्री की मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री झुलस गए। यह हादसा तब हुआ, जब बस पर्यटक सुविधा केंद्र पर खड़ी थी और यात्री दर्शन के लिए बाहर गए हुए थे। आग की सूचना मिलते ही दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी बस जलकर खाक हो चुकी थी। इस घटना ने उस स्थान पर अफरा-तफरी का माहौल बना दिया और लोग घबराए हुए "बचाओ बचाओ" की आवाजें लगा रहे थे। यह घटना तब घटी जब मंगलवार को तेलंगाना से 50 यात्रियों का दल प्रयागराज महाकुंभ गया हुआ था। वापसी में वो वृंदावन दर्शन के लिए पहुंचे थे। यात्रियों की बस पर्यटक सुविधा केंद्र पर खड़ी की गई थी और वे दर्शन के लिए चले गए थे। इस दौरान बस में ड्राइवर, परिचालक और एक यात्री मौजूद थे। सिगरेट की वजह से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

## जम्मू कश्मीर में लैंड माइंस विस्फोट, सेना के 6 जवान घायल

**जम्मू, 14 जनवरी (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के सीमा के पास एक गांव में मंगलवार को एक लैंड माइंस विस्फोट में कम से कम छह सेना के जवान घायल हो गए। इसकी जानकारी अधिकारियों ने मीडिया को दी। न्यूज एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ जब सैन्यकर्मी गश्त पर थे। नौशेरा सेक्टर के खम्बा किले के पास करीब 10.45 बजे एक लैंड माइंस पर एक सैनिक का गलती से पैर चला गया, जिसके बाद यह हादसा हुआ। अधिकारियों ने कहा कि घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक, एलओसी के पास के अग्रिम क्षेत्रों में एक एंटी-इनफिल्ट्रेशन अवरोध प्रणाली के हिस्से के रूप में लैंड माइंस बिछाई जाती हैं, जो कभी-कभी बारिश के कारण बह जाती हैं, जिससे इस तरह के हादसे होते हैं।

# प्रयागराज के लिए सीधे बस सेवा मुजफ्फरनगर से शुरू

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** प्रयागराज में प्रारंभ कुंभ मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं को अब मुजफ्फरनगर से ही सीधी रोडवेज बस की सेवा मिलेगी। कुंभ के दौरान डिपो की ओर से इस बीच मुख्य स्नानों के साथ हर दिन रोडवेज बसों का संचालन होगा। डिपो ने कुंभ मेले में बस संचालन की कार्य

योजना बनाने के साथ समय और किराया तय करते हुए श्रद्धालुओं को इस सेवा का लाभ उठाने का आग्रह किया। प्रयागराज में कुंभ मेले में जाने के लिए यात्रियों की सुविधा हेतु उप्र राज्य सडक परिवहन निगम ने बसों की पर्याप्त व्यवस्था करने की व्यवस्था की है। कुंभ में मुख्य स्नान मौनी अमावस्या से बसंत पंचमी तक मुजफ्फरनगर डिपो से भी सीधी प्रयागराज कुंभ मेले के लिए इस बार स्पेशल बसें चलाई जा रही है। केंद्र प्रभारी ने बताया कि कुंभ मेला के लिए इस बार रोडवेज डिपो से बसों को सीधे प्रयागराज तक संचालित किया जा रहा है। इस दौरान सहारनपुर से प्रयागराज तक शुरू रोडवेज बसों का संचालन नगर मुख्यालय से सायं 5 बजे चलने के बाद सुबह 8 बजे प्रयागराज पहुंचेगी, जिसका किराया 1091 रुपए तय किया गया है। करीब 741 किमी दूरी तय करने के लिए यात्री को उधर प्रयागराज से सायं 4 बजे से वापस जनपद मुजफ्फरनगर के लिए रवाना बस पकड़नी होगी। मुजफ्फरनगर के अलावा सहारनपुर व शामली से भी कुंभ मेले के लिए प्रस्थान करेगी।

# दिल्ली से देहरादून तक बनने जा रहा है देश का पहला साउंड प्रूफ एक्सप्रेसवे

**नई दिल्ली, 14 जनवरी (एजेंसी)।** दिल्ली-देहरादून का सफर करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है, क्योंकि इसी साल दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे को लोगों के लिए खोल दिया जाएगा। घने जंगलों के बीच से गुजरने वाला ये एक्सप्रेसवे देश का पहला साउंड बैरियर एक्सप्रेसवे है। इस एलिवेटेड एक्सप्रेसवे में चलने वाली गाड़ियों की रोशनी और आवाज जंगल तक नहीं पहुंचेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत बनाया गया दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ऐसे में अब दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर देहरादून तक जाने वाले इस नए एक्सप्रेसवे को जनवरी 2025 तक आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। दिल्ली- देहरादून एक्सप्रेसवे पर गाड़ियां 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। इसके शुरू हो जाने के बाद महज 2.5 घंटे में दिल्ली से देहरादून का सफर तय होगा। इस एक्सप्रेसवे की सबसे खास बात ये है कि इस पर 12 किलोमीटर का एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर बनाया गया है, जो राजाजी नेशनल पार्क के ऊपर से गुजरेगा। यह पार्क हाथियों और जंगली जानवरों के लिए जाना जाता है। ऐसे में सफर के दौरान इस एक्सप्रेसवे पर जंगल सफारी का भी मजा ले पाएंगे। दिल्ली और उत्तराखंड को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेसवे को साउंड प्रूफ बनाया गया है। इस एक्सप्रेसवे पर दौड़ने वाले वाहनों के शोर से जानवर प्रभावित न हों, इसके लिए रिसर्च के बाद भारतीय वन्यजीव संस्थान के वैज्ञानिकों ने इस साउंड प्रूफ तकनीक को विकसित किया है। अब साउंड प्रूफ एक्सप्रेसवे के ऊपर गाड़ियों की आवाज जितनी भी हो, लेकिन ये शोर नीचे जंगल तक नहीं पहुंचेंगा। रात के समय लाइटों की रोशनी

भी जंगल तक नहीं पहुंचेगी। यह प्रोजेक्ट भारतमाला परियोजना का ही हिस्सा है। एनएचएआई ने इस एक्सप्रेसवे को बनाने में करीब 13 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## जालंधर से दिल्ली जाने वाले ट्रेन में लगी आग, यात्रियों में मचा हड़कंप

**लुधियाना, 14 जनवरी (एजेंसी)।** जालंधर से निकलने वाली ट्रेन में आग लग गई, जिससे चारों तरफ अफरातफरी मच गई। बताया जा रहा है कि अमृतसर से दिल्ली जा रही शान-ए-पंजाब ट्रेन में आग लगी है। जानकारी के मुताबिक शान-ए-पंजाब ट्रेन लुधियाना में चावा पायल स्टेशन के पास पहुंची तो गाड़ी में अचानक आग लग गई, जिसके बाद यह आग ट्रेन के डिब्बे में लग गई, जिसके बाद सतर्कता बरतते हुए आग वाले डिब्बे को ट्रेन से अलग कर दिया और बड़े हादसे को टाल दिया गया।

# त्रिवेणी संगम पर लेजर शो का भव्य आयोजन

**प्रयागराज, 14 जनवरी (एजेंसी)।** प्रयागराज के ऐतिहासिक और पवित्र त्रिवेणी संगम पर एक भव्य लेजर शो का आयोजन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन संगम के प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करने के उद्देश्य से किया गया। शो में अत्याधुनिक लेजर तकनीक और संगीत के संगम से संगम के पौराणिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को दर्शाया गया। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर आधारित इस शो में पौराणिक कथाओं, महाकाव्यों और स्थानीय संस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। शो के दौरान त्रिवेणी संगम की पृष्ठभूमि में बहुरंगी लेजर किरणों और ध्वनि प्रभावों के माध्यम से जल पर विशेष दृश्य रचनाएँ उकेरी गईं। इसमें भगवान राम, महर्षि भारद्वाज, और कुंभ मेले से संबंधित कथाओं को भी दर्शाया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और दूर-दराज से आए पर्यटकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में दर्शकों ने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बताया। अधिकारियों ने बताया

कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व को बढ़ावा देना है, बल्कि प्रयागराज को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में भी स्थापित करना है। आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासन, स्थानीय संगठनों और कलाकारों का योगदान सराहनीय रहा।

## कैलाशानंद के रथ पर सवार होकर अमृत स्नान के लिए पहुंचीं लॉरेन पॉवेल, भगवा वस्त्र में आई नजर

**प्रयागराज, 14 जनवरी (एजेंसी)।** एप्पल की मालकिन लॉरेन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ में कल्पवास के लिए पहुंच गई हैं। उनके गुरु निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद ने उनको कल्पवास के लिए महाकुंभ में कमला नया नाम दिया है। कमला पौष पूर्णिमा पर प्रथम डुबकी के साथ कल्पवास आरंभ किया। लॉरेन पॉवेल जॉब्स सेक्टर-18 में

कैलाशानंद के शिविर में रहकर सनातन परंपरा के कठिन अनुशासन के तौर पर कल्पवास करेंगी। वह तीन दिनों तक कल्पवास करने के बाद 15 जनवरी को वापस लौट जाएंगी। पूरे देश की निगाहें इस समय लॉरेन पॉवेल पर हैं। मंगलवार को मकर संक्रांति के मौके पर उन्होंने महाकुंभ के पहले शाही स्नान में हिस्सा लिया। वह आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद सरस्वती के साथ रत्न जड़ित शाही रथ पर सवार होकर कड़ी सुरक्षा के बीच संगम तट पर डुबकी लगाने के लिए पहुंचीं। महाकुंभ के दौरान लॉरेन पॉवेल सादगी भरा जीवन बिताते हुए संगम की रेती पर जहां सनातन की संस्कृति से परिचित होंगी, वहीं आध्यात्मिक ज्ञान भी प्राप्त करेंगी। कैलाशानंद गिरि के शिविर में रहकर वह शिव तत्व को जानने और सनातन संस्कृति को करीब से समझने का प्रयास करेंगी। महाकुंभ में लॉरेन पॉवेल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कॉटेज में ठहरेंगी और संतों की संगत में समय बिताएंगी।

# संगम के तट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, एक करोड़ 38 लाख ने किया स्नान

महाकुंभनगर 14 जनवरी (वार्ता)दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम में महाकुंभ के मकर संक्रांति अमृत स्नान पर संगम के तट पर मानों आस्था का सैलाब उमड पड़ा है। सुबह 10 बजे तक 1.38 करोड़ श्रद्धालुओं ने कडाके की ठंड और शीतलहर के बीच आस्था की डुबकी लगाई। हाड कंपा देने वाली इंड में उजाले की पहली किरण निकलने से पहले ही करोडो श्रद्धालुओं ने स्नान किया। 12 किलोमीटर लंबे घाट क्षेत्र में हर हर महादेव और जय श्रीराम के जयघोष के स्वर सुनाई पड़ते रहे। पूरा स्नान घाट कोहरे के चादर में छिपा था। मकर संक्रांति के अवसर पर आधी रात से श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगानी शुरू कर दिया था। महाकुंभ के पहले अमृत स्नान ''शाही स्नान'' में आस्था का प्रचंड वेग दिखा। साधुओं के दर्शन के साथ पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त किया। पवित्र स्नान का यह दृश्य भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहराई को दर्शाता नजर आ रहा था। ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा, श्यामल यमुना और अन्तः सलिला स्वरूप में प्रवाहित सरस्वती के त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर परिजनों के सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। मेले में कल्पवास करने और संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संगम की विस्तीर्ण रेती पर बसाया गया तंबुओं का अस्थाई शहर इन दिनों गहमागहमी से भर गया है । कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से प्रभावित कई विदेशी श्रद्धालुओं ने भी इस दौरान 'पुण्य लाभ' के लिए संगम स्नान करते दिखायी दिये।

## साधु संतों, नागा संन्यासियों और श्रद्धालुओं पर हुई पुष्प वर्षा

**महाकुंभनगर,14 जनवरी (वार्ता)** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महाकुंभ मेले में मकर संक्रांति पर पहला अमृत स्नान के अवसर पर नागा संन्यासियों एवं अन्य साधु संतों और श्रद्धालुओं के सम्मान में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा किया गया। संगम में बड़ी मात्रा में गुलाब की पंखुड़ी गिरने के बाद स्नान कर रहे श्रद्धालु एक बार अचंभित हो गए लेकिन जैसे ही हेलीकाप्टर की तरफ आसमान में निगाहें उठी और ऊपर से गुलाब की पंखुड़ियों को गिरते देख मोदी योगी जिदाबाद के नारे लगाने लगे। श्रद्धालुओं ने नारे लगाए ''जब तक सूरज चांद रहेगा मोदी- योगी का नाम रहेगा।''

## महाकुंभ में अमृत स्नान के लिए लगी अखाड़ों की कई किलोमीटर लंबी कतार

**महाकुंभनगर,14 जनवरी (वार्ता)** दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महासमागम के महाकुंभ में अखाडों के साथ नागा और साधु-संतो ने ''अमृत स्नान'' के लिए त्रिवेणी के संगम तट पर सुबह सवा छह बजे से आस्था की डुबकी लगाने का क्रम शुरू किया। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हल्की फुहार के बीच महाकुंभ 2025 के पहले ''अमृत स्नान'' के लिए 14 जनवरी की भोर से ही सभी 13 अखाड़े अपने जुलूस के साथ संगम तट पर जाने के लिए तैयार दिखे। हाथी, घोड़े, ऊँट पर सवार साधु-संत हाथों में त्रिशूल, गदा, भाला-बरछी लेकर 'जय श्री राम', 'हर हर महादेव' के जयघोष के साथ जब संगम तट के लिए निकले तो कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। संतों, संन्यासियों और नागा साधुओं को देखने के लिए अखाड़ा मार्ग के दोनों ओर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उनके दर्शन के लिए खड़ी रही। सभी अखाड़े अपने क्रम के अनुसार अमृत स्नान करेंगे।

## योगी ने बाबा गोरक्षनाथ को चढ़ायी खिचड़ी

**गोरखपुर 14 जनवरी (वार्ता)** गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने मकर संक्रन्ति के अवसर पर मंगलवार को कड़ाके की ठंड के बीच शिवावतारी बाबा गोरक्षनाथ को खिचड़ी चढ़ायी। साथ ही, पड़ोसी देश नेपाल के राज परिवार द्वारा भेजी गयी खिचडी चढायी गयी जिसके बाद मंदिर का मुख्य कपाट खिचडी चढाने के लिए श्रध्दालुओं को खोल दिया गया। सोमवार की रात से कतार में लगे श्रध्दालुओं का तांता शिवावतारी बाबा गोरखनाथ को खिचडी चढाना शुरू कर दिया। मुख्ययमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के कंट्रोल रूम से बैठकर पूरी व्यवस्था पर नजर रखे हुए है। मंदिर के सचिव द्वारका तिवारी ने बताया कि तडके से दोपहर 12 बजे तक तक लगभग पांच लाख श्रध्दालुओं ने खिचडी चढा चुके हैं और देर रात तक लगभग 20 लाख ये अधिक बाबा गोरखनाथ को खिचडी चढाने का अनुमान हैं। खिचड़ी चढ़ाने के लिये पूर्वी उत्तर प्रदेश समेत बिहार,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा,पंजाब,गुजरात तथा अन्य प्रान्तों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब गोरखनाथ मंदिर में एकत्र होते हैं। प्रतिवर्ष 14 या 15 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही नाथ सम्प्रदाय के प्रसिद्ध शिवावतारी गोरक्षनाथ मंदिर में परम्परागत रूप से खिचड़ी चढ़ाने का क्रम शुरू हो जाता है।

## महिला के बैग से नकदी व जेवरात चोरी

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** नुमाइश कैम्प निवासी गीता पत्नी अरविन्द 7 दिसम्बर को नौंचदी गाड़ी से मुजफ्फरनगर लौट रही थी। महिला के अनुसार ट्रेन में चढ़ने से पहले लखनऊ रेलवे स्टेशन पर एक महिला सिपाही की मौजूदगी में उसके बैग की जांच की गयी। महिला का आरोप है कि इस दौरान महिला ने चैकिंग के बाद किसी को मैसेज किया कि उसके बैग में सोना है। जब वह मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पहुंची तो उसे पता चला कि उसका बैग ब्लेड से कट चुका है और उसके बैग से लगभग तीन तोले सोने के जेवरात तथा दस हजार रुपये की नकदी गायब हो गयी है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए जीआरपी थाने में तहरीर दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। मुख्यमंत्री पॉर्टल पर मामले की शिकायत किये जाने के बाद अब पीड़िता की शिकायत थाना सिविल लाइन पुलिस ने निल पर दर्ज की तथा मुकदमा जीआरपी को स्थानान्तरित कर दिया गया।

## युवक के कपड़ों पर गंदगी लगे होने की बात कहकर ढाई लाख किये साफ

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** पैसा कमाने की होड़ में बदमाश नई-नई कलाकारियों को अंजाम देने लगे हैं। ऐसा ही कुछ नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव बझेड़ी निवासी शाकिब के साथ तब हुआ जब वह दोपहर के समय ढाई लाख रुपये लेकर जा रहा था। थाना सिविल लाइन क्षेत्र की कच्ची सड़क पर स्थित गाजा वाली पुलिया के पास बाइक सवार तीन युवक आए और कहा कि तुम्हारी जैकेट पर गंदगी लगी हुई है। इस पर शाकिब ने वहीं रुककर जैकेट उतारकर जांच की तो इसी बीच बदमाश उसे अपनी बातों में उलझाते रहे और शाकिब की बाइक पर टंगा ढाई लाख रुपये का बैग लेकर देखते ही देखते फरार हो गए। जैसे ही शाकिब के साथ उक्त घटना घटित हुई तो उसेन पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस की जांच पड़ताल के बाद अभी कुछ हासिल नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि वह सीसीटीवी फुटेज चेक करा रही है और घटना को खोलने की जल्द ही खोलने की कोशिश की जाएगी।

## बीबीए की छात्रा को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)। नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरनगर निवासी एक महिला ने तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बीस वर्षीया बेटी शहर के एक कॉलेज में बीबीए की छात्रा है। आरोप है कि उसके घर पर सगे चाचा के बेटे वंश उर्फ वैभव निवासी रैदासपुरी का आना-जाना था। दोनों एक दूसरे से फोन पर बातें करते थे। आरोप है कि दस जनवरी को उसकी बेटी घर से कॉलेज के लिए गयी थी, मगर तीन दिन बाद भी जब वह वापस नहीं लौटी तो परिवार को इसकी सूचना पुलिस को देनी पड़ी। परिवार का आरोप है कि हो न हो उनकी बेटी को चाचा का बेटा वंश ही अपने साथ ले गया है। परिवार के लोगों का बताना है कि लड़की दस लाख रुपये व जेवरात भी साथ लेकर गयी है। दोनों के मोबाइल भी स्विच ऑफ हैं। इसलिए संदेह होने के साथ साथ यही सच लग रहा है कि उक्त युवती वंश के साथ ही गायब हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक व छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

# करवाड़ा प्रधान के पक्ष में उतरे दर्जनों लोग, बोले प्रधान के खिलाफ की जा रही साजिश

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** मुजफ्फरनगर के बघरा ब्लॉक क्षेत्र के गांव करवाड़ा में पिछले एक सप्ताह से प्रधान शिक्षा देवी व उसके बेटे के खिलाफ जमकर आरोप लग रहे थे, मगर आज दूसरे पक्ष की ओर से प्रधान शिक्षा देवी के विरुद्ध जब अनिश्चितकालीन धरना हुआ तो ग्राम प्रधान संगठन से जुड़े पदाधिकारी और क्षेत्र के अधिकांश प्रधान भी धरने पर आ बैठे और उन्होंने कहा कि करवाड़ा गांव की प्रधान शिक्षा देवी के खिलाफ कुछ विपक्षी लोगों के द्वारा साजिश रची जा रही है, जो झूठी और निराधार है। ऐसे में इकट्ठा हुए ग्राम प्रधानों का आरोप है कि गांव में जो भी विकास कार्य कराये गए हैं या तो विधायक निधि से कराये गए हैं या फिर जल निगम से पानी की टैंकी का निर्माण कराया गया है या फिर उपजिलाधिकारी के आदेश के अनुसार कराये गए अन्य कार्यों को जिसमें कुछ विपक्षी लोग ग्राम प्रधानी का चुनाव नजदीक आते देख मौजूदा ग्राम प्रधान शिक्षा देवी की छवि खराब करने के उद्देश्य से अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। इकट्ठा हुए प्रधानों का कहना है कि यदि प्रधानों का उत्पीड़न बंद न किया गया तो एक बड़ा धरना जल्द ही मुजफ्फरनगर कलेक्ट्रेट में दिया जायेगा।

## फर्जी शिकायत करने वाले के तमंचे वाले वीडियो पर क्यों नहीं हुई कार्यवाही

**मुजफ्फरनगर।** ग्राम प्रधान शिक्षा देवी के पुत्र ने धरने से सवाल उठाए कि उनकी माता के खिलाफ फर्जी शिकायत करने वाले व्यक्ति की एक वीडियो तमंचा दिखाते हुए वायरल हुई है। वायरल वीडियो पर अभी तक थानाध्यक्ष तितावी द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया। वीडियो की शिकायत भी थानाध्यक्ष से की जा चुकी है। उसके बावजूद भी उचित कार्यवाही व जांच तक नहीं हुई। ऐसे में साफ प्रतीत होता है कि कुछ लोग मिलकर उनकी माता शिक्षा देवी पर गलत आरोप लगा रहे हैं। शासन प्रशासन को उस व्यक्ति के विरुद्ध भी कार्यवाही करनी चाहिए, जिसकी वीडियो साफ तौर पर अवैध कट्टा दिखाते हुए वायरल हुई है।

# करवाड़ा के प्रधान के विरुद्ध धरने पर बैठे ग्रामीण

**मुजफ्फरनगर, 14 जनवरी (बु.)।** पिछले एक सप्ताह से करवाड़ा गांव की प्रधान का मामला सुर्खियों में बना हुआ है। कुछ ग्रामीण जिसमें मुख्य रूप से सतेन्द्र व उसके अन्य साथियों का आरोप है कि करवाड़ा की ग्राम प्रधान शिक्षा देवी व उसके पुत्र ने गांव में तालाब की जमीन पर कब्जा किया हुआ है और कब्जे के बाद तालाब को श्मशान के रूप में तब्दील कर उसी में पानी की टंकी खड़ी कर दी है तथा एक 70 हजार रुपये का पेड़ भी काटने का वीडियो वायरल किया गया है। सतेन्द्र के सहयोगी पंकज, आशीष, राजेन्द्र, देवेन्द्र आदि लोगों ने प्रधान के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने के बाद मंगलवार से तालाब पर ही अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जब तक प्रधान के विरुद्ध कोई कार्यवाही

नहीं होगी, तब तक वे यहीं बैठे रहेंगे। सतेन्द्र के साथ उसके अन्य साथी मांगेराम चेयरमैन, मनोज राणा, नीटू मुखिया, सहेन्द्र, योगेश मुखिया आदि सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग धरने पर प्रधान के विरुद्ध बैठे दिखे तथा प्रधान के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की।

# छुट्टी लेकर घर आए सेना के जवान की हार्टअटैक से मौत

**भोपा, 14 जनवरी (बु.)।** गांव रहकड़ा में छुट्टी लेकर घर आए आईटीबीपी के जवान की हार्टअटैक से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। गांव स्थित श्मशान घाट पर जवान के पार्थिव शरीर का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकड़ा निवासी किसान राजेन्द्र सिंह ने बताया कि उसका 35 वर्षीय इकलौता पुत्र दीपक कुमार 14 साल पहले भारत तिब्बत सीमा पुलिसबल में सैनिक के रूप में भर्ती हुआ था। इन दिनों उसकी ड्यूटी अरूणाचल प्रदेश में सी कम्पनी 25 बटालियन में चाईना बॉर्डर पर चल रही थी। दीपक गत 12 नवम्बर को छुट्टी लेकर घर आया था। पिछले कुछ दिनों से उसकी तबियत खराब चल रही थी। मंगलवार की सुबह लगभग 2 बजे अचानक दीपक को छाती में दर्द महसूस हुआ, जिसके बाद उसे सांस लेने में दिक्कत आने लगी, तो

### सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

रहकड़ा निवासी आईटीबीपी का जवान दीपक कुमार का फाईल फोटो व रोते बिलखते परिजन

गांव से ही चिकित्सक को बुलाया गया, जिसने दीपक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सैनिक की मौत से पिता राजेन्द्र सिंह, माता ऊषा देवी, पत्नी रूबी, बहन दीपा का रो-रोकर बुरा हाल है। दीपक का गांव स्थित श्मशान घाट पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

## मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए बीजेपी ने चंद्रभान पासवान को दिया टिकट

**अयोध्या, 14 जनवरी (एजेंसी)।** मिल्कीपुर उपचुनाव में बीजेपी ने चंद्रभान पासवान को टिकट दिया है। अयोध्या लोकसभा सीट पर मिली हार के बाद बीजेपी के लिए सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है। इस सीट पर 5 फरवरी को मतदान होगा। अयोध्या की हाई-प्रोफाइल विधानसभा सीट मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए

बीजेपी ने चंद्रभान पासवान को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अजीत प्रसाद से होगा। अजीत प्रसाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे हैं। अवधेश प्रसाद के सांसद निर्वाचित होने की वजह से मिल्कीपुर सीट रिक्त हुई थी। मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होगा और परिणाम 8 फरवरी को आएंगे। बता दें कि मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया 10 जनवरी को शुरू हो गई थी। नामांकन का आखिरी दिन 17 जनवरी है।

# 11 श्रद्धालुओं को हार्ट अटैक; 2 की हालत नाजुक, रेफर किए गए

**प्रयागराज, 14 जनवरी (एजेंसी)।** प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में आज पवित्र स्नान के बाद श्रद्धालुओं को दिल का दौरा पड़ा गया। 2 दिन में 11 श्रद्धालुओं को हार्ट अटैक आने की खबर है। 6 मरीजों को मेले में परेड मैदान में खोले गए केंद्रीय अस्पताल में और 5 मरीजों को सेक्टर-20 के सब सेंटर हॉस्पिटल में लाया गया। दोनों अस्पतालों में इलाज से 9 मरीज ठीक हो गए और उन्हें घर भेज दिया गया। वहीं 2 मरीजों की हालत नाजुक होने के चलते रफ्ठ हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया, लेकिन रविवार को मेले में खोले गए केंद्रीय अस्पताल का 10 बेड वाला वार्ड दिल के मरीजों भर गया था। अस्पताल के डॉक्टरों ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को पवित्र स्नान के समय डुबकी लगाते समय सतर्क रहने और स्वास्थ्य से जुड़ी सावधानियां बरतने की सलाह दी। श्रद्धालुओं को ठंड से अपना बचाव करने को